गैरसैंण,सोमवार
3 जून 2024
वर्षः 16
अंकः 41 पृष्ठः 8
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com


## एक नजर

### असम में बाढ़ का कहर, 10 जिलों में 6 लाख से अधिक लोग प्रभावित

गुवाहाटी,असम में बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है और 10 जिलों में छह लाख से अधिक लोग अब भी प्रभावित हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी. अधिकारियों ने बताया कि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ गया, जिससे कई क्षेत्रों में प्रभावित हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया,कोपिली, बराक और कुशियारा नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं. बाढ़ के कारण हैलाकांडी होजाई, मोरीगांव, करीमगंज, नागांव, कछार, डिब्रूगढ़, गोलाघाट, कार्बी आंगलोंग पश्चिम और दीमा हसाओ जिलों में कुल 6,01,642 लोग प्रभावित हुए हैं.

अधिकारियों ने बताया कि 28 मई से अब तक बाढ़ और तूफान में मरने वालों की संख्या बढक़र 15 हो गई है. नागांव सबसे अधिक प्रभावित जिला है जहां 2.79 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए जबकि होजाई में 1,26,813 और कछार में 1,12,265 लोग प्रभावित हुए हैं. राज्य में 40,000 से अधिक लोगों ने राहत शिविरों में शरण ली है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), स्थानीय प्रशासन और आम नागरिकों द्वारा बचाव और राहत अभियान चलाया जा रहा है.अधिकारियों ने बताया कि राज्य के कई हिस्सों में सडक़ और रेल संपर्क बाधित हो गया है। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के एक प्रवक्ता ने बताया कि न्यू हाफलोंग के चंद्रनाथपुर खंड में पटरी को हुए नुकसान और सिलचर स्टेशन पर जलभराव के कारण शनिवार से सोमवार तक कम से कम 10 ट्रेन रद्द कर दी गई.

### प्रॉपर्टी विवाद में अपनी मां के ही सिर पर किए कई वार, उतारा मौत के घाट

लातूर,महाराष्ट्र के लातूर जिले के उदगीर शहर के बनशेळकी रोड पर एक दिल दहलानेवाली घटना सामने आई है. इस घटना में प्रॉपर्टी के विवाद में एक बेटे ने ही अपनी मां की जान ले ली है. आरोपी सिद्धार्थ बनशेळकिकर ने अपनी मां संगीता बनशेळकीकर और अपने बड़े भाई सचिन बनशेळकीकर पर हमला कर दिया. उसने गन्ना तोडऩेवाले कोयते से उनके सिर पर वार किए. इस हमले में आरोपी की मां और भाई गंभीर रूप से घायल हुए थे और हॉस्पिटल में एडमिट थे. आखिर एक जून को रात में आरोपी की मां की मौत हो गई. जन्म देनेवाली मां की ही हत्या करने से इस घटना से पूरे शहर में सनसनी फ़ैल गई है. इस हमले में आरोपी का बड़ा भाई भी हॉस्पिटल में एडमिट है. उसका भी इलाज चल रहा है. इस घटना ने एक बार फिर मां बेटे के रिश्ते पर दाग लगा दिया है और इस पवित्र रिश्ते को तार –तार कर दिया है. केवल प्रॉपर्टी के लिए अपनी ही जन्म देनवाली मां को मौत के घाट उतारनेवाले निर्दयी बेटे की पूरे शहरभर में चर्चा हो रही है.

### तेलंगाना की कांग्रेस सरकार पूरी करेगी अपनी गारंटियांः सोनिया गांधी

हैदराबाद, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने रविवार को तेलंगाना के लोगों को आश्वस्त किया कि राज्य की कांग्रेस सरकार अपनी गारंटियों को पूरा करेगी।

सोनिया गांधी ने तेलंगाना के स्थापना दिवस पर राज्य के लोगों को बधाई दी और उन्हें तेज विकास तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। सिकंदराबाद के परेड ग्राउंड में 10वें तेलंगाना स्थापना दिवस पर आयोजित मुख्य समारोह में उनका पहले से रिकॉर्ड किया गया वीडियो संदेश चलाया गया। राज्य सरकार ने समारोह में शामिल होने के लिए उन्हें आमंत्रित किया था, लेकिन खराब स्वास्थ्य के कारण वह नहीं आ सकीं। उन्होंने कहा कि तेलंगाना की जनता ने कांग्रेस को समृद्ध तथा विकसित तेलंगाना के निर्माण की जिम्मेदारी सौंपी है और लोगों के सभी सपनों का पूरा करना उनका कर्तव्य है। उन्होंने कहा, आज इस खास मौके पर, मैं आप सभी को आश्वस्त करना चाहती हूं कि रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में तेलंगाना की कांग्रेस सरकार अपनी गारंटियों को पूरा करने में कोई कोर–कसर नहीं छोड़ेगी। सोनिया गांधी ने महान राज्य के गठन के लिए अपना जीवन बलिदान करने वाले तेलंगाना के अनगिनत शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, मैंने 2004 में करीमनगर में तेलंगाना के लोगों से वादा किया था कि कांग्रेस उनके सपनों को पूरा करेगी। मेरे बयान के बाद हमारी पार्टी में भी मतभेद उभरा था और कई लोग पार्टी छोडक़र चले गये।

## पीएम मोदी ने की अधिकारियों संग बैठक

**● पूर्वोत्तर के राज्यों में चक्रवात की स्थिति पर की समीक्षा**



नई दिल्ली,। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को एक उच्च स्तरीय बैठक में पूर्वोत्तर के राज्यों में चक्रवाती तूफान के बाद की स्थिति की समीक्षा की।

लोकसभा चुनाव समाप्त होने के बाद प्रधानमंत्री आज कई बैठकें करने वाले हैं। इसी क्रम में यह पहली बैठक थी। पूर्वोत्तर के आठ राज्यों में से चार में चक्रवाती तूफान रेमल के बाद हुई बारिश और भूस्खलन के कारण कम से कम 36 लोगों की जान चली गई है। तूफान के कारण आम जनजीवन भी लगभग थम गया है।

मिजोरम में सबसे ज्यादा 27 लोगों की मौत हुई है। इसमें अकेले आइजॉल जिले में एक खदान धंसने से 21 लोगों की जान चली गई। नागालैंड में चार, असम में तीन और मेघालय में दो लोगों की मौत की सूचना है। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश की वजह से भूस्खलन हुआ, पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ गये, तथा बिजली आपूर्ति और इंटरनेट सेवाएं बाधित हुईं। पीएम मोदी देश के विभिन्न हिस्सों में चल रही लू की स्थिति की समीक्षा के लिए भी आज एक बैठक करेंगे। उत्तर तथा मध्य भारत के ज्यादातर राज्यों में लू चल रही है। कई शहरों में पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री बड़े पैमाने पर विश्व पर्यावरण दिवस के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा के लिए भी आज एक बैठक करेंगे। वह नई सरकार के पहले 100 दिन के एजेंडा पर मंथन के लिए भी एक बैठक की अध्यक्षता करेंगे। अधिकतर एग्जिट पोल सर्वेक्षणों में भाजपा नीत एनडीए को लोकसभा चुनाव में 350 से ज्यादा सीटें मिलने की संभावना जताई गई है। इसे देखते हुए प्रधानमंत्री अपने तीसरे कार्यकाल के लिए 100 दिन का एजेंडा तय करने पर आज से ही काम शुरू कर रहे हैं।

## दिग्विजय सिंह ने एग्जिट पोल पर उठाए सवाल

भोपाल,लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के मतदान के बाद सामने आए एग्जिट पोल ने मध्य प्रदेश में भाजपा और एनडीए को भारी बहुमत मिलने का अनुमान जताया है। वहीं मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने इस एग्जिट पोल पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने एग्जिट पोल पर सवाल उठाते हुए एक्स पर लिखा, राजगढ़ लोक सभा क्षेत्र तीन जिलों में फैला हुआ है राजगढ़, गुना और आगर मालवा। अगर किसी टीवी चैनल को यहां एग्जिट पोल करना था तो उसको इन तीनों जिलों में अपने लोग भेजने थे। क्या उन्होंने भेजे?

दिग्विजय सिंह ने आगे लिखा है, राघौगढ़ से लेकर सुसनेर तक एक ही दिन में एक साथ वोट डालकर बाहर आ रहे लोगों से पूछना कि किसको वोट दिया और एग्जिट पोल तैयार करना संभव नही। इसके लिए कम से कम 100 लोगों से ऊपर की टीम चाहिए। टीवी चैनलों के एग्जिट पोल में राजगढ़ शामिल नही है। मेरी अपने सहयोगियों और समर्थकों से अपील है कि मतगणना पर ध्यान रखें ताकि कोई गड़बड़ी न होने पाए। राजगढ़ में चुनाव आप सबकी कड़ी मेहनत और जनता के समर्थन से लड़ा गया है। बस एक काउंटिंग वाले दिन की मेहनत बाकी है। दिग्विजय सिंह ने अपने एजेंट से अनुरोध करते हुए कहा, हमारे मतगणना एजेंट्स से बस एक अनुरोध और है, जब तक नतीजा घोषित न हो जाए तब तक अपनी टेबल न छोड़ें। हम लड़े हैं और हम जीतेंगे। मध्य प्रदेश के एग्जिट पोल में भाजपा और एनडीए को भारी बहुमत मिलने का दावा किया गया है।

## केजरीवाल की अंतरिम जमानत खत्म, सरेंडर किया

**■ बोले–मेरे खून का एक–एक कतरा देश के लिए**



नईदिल्ली,दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दोबारा तिहाड़ जेल चले गए हैं। सुप्रीम कोर्ट से उन्हें मिली अंतरिम जमानत की अवधि खत्म हो गई है, जिसके बाद आज उन्होंने सरेंडर कर दिया।इससे पहले उन्होंने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर भी गए।उन्होंने आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यालय पहुंचकर पार्टी कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की।बता दें कि केजरीवाल को 21 दिन की अंतरिम जमानत मिली थी।

केजरीवाल ने कार्यकर्ताओं से कहा, भगत सिंह ने कहा था कि जब सत्ता तानाशाही बन जाए तो जेल जिम्मेदारी बन जाती है। हम देश को बचाने के लिए जेल जा रहे हैं। मुझे नहीं पता ये जेल में मेरे साथ क्या करेगी।उन्होंने कहा, अगर भगत सिंह फांसी पर चढ़ गए तो मैं भी फांसी पर चढऩे के लिए तैयार हूं। मेरे शरीर का एक–एक कतरा इस देश के लिए है। यह चुनाव इस देश को बचाने के लिए है। केजरीवाल ने कहा, आप सब लोग अपना ख्याल रखना। जेल में मुझे आप सबकी चिंता रहेगी। आप खुश रहेंगे तो जेल में आपका केजरीवाल भी खुश रहेगा।इससे पहले भी केजरीवाल ने भावुक अपील में लोगों से उनके बुजुर्ग माता–पिता का ध्यान रखने को कहा था।उन्होंने कहा था, मेरे माता–पिता बहुत बुजुर्ग हैं, मेरी मां बहुत बीमार रहती हैं, मुझे जेल में उनकी बहुत चिंता रहती है। मेरे पीछे मेरे माता–पिता का ध्यान रखना।

केजरीवाल शराब नीति मामले में जेल में बंद थे। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में जमानत के लिए याचिका दायर की थी।इस पर कोर्ट ने उन्हें चुनाव प्रचार के लिए नियमित की जगह 21 दिनों के लिए अंतरिम जमानत दी थी।

## सीएम ने बनबसा में विद्युत, पेयजल, वन विभाग, लोक निर्माण विभाग तथा सिंचाई विभाग की समीक्षा की

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जनपद चंपावत में एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम पर बनबसा पहुंचे। बनबसा के एनएचपीसी सभागार में उन्होंने विद्युत, पेयजल, वन विभाग, लोक निर्माण विभाग तथा सिंचाई विभाग आदि की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों की लापरवाही एवं उदासीनता पर सख्त होते हुए अधिकारियों को फटकार लगाई कहा कि सभी अपनी कार्यशैली में सुधार लाएं साथ ही उन्होंने ऊर्जा और पेयजल के क्षेत्र में लापरवाही करने वाले अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि बिजली पानी से जनता परेशान हुई तो अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होंगे। उन्होंने पूर्णागिरि में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए साथ ही उन्होंने कहा कि मां पूर्णागिरी में आने वाले श्रद्धालुओं को भी बिजली पानी की दिक्कत न होने पाए।मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि भविष्य को देखते हुए आवश्यक विद्युत की मांग के अनुरूप आपूर्ति की योजनाएं अभी से तैयार कर लें। उन्होंने यूपीसीएल, पिटकुल व उरेडा से मिलकर प्रस्ताव तैयार करते हुए नए विद्युत घरों के कार्य का निर्माण शीघ्र करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिलाधिकारी नवनीत पाण्डे को निर्देश दिए कि जनपद में होने वाले प्रत्येक निर्माण कार्यों में पूर्ण गुणवत्ता, समयबद्धता तथा पारदर्शिता रहे। इस हेतु वह स्वयं स्थलीय निरीक्षण कर समीक्षा करें।मुख्यमंत्री ने कहा कि वन भूमि हस्तांतरण के कारण जो भी परियोजनाएं लंबित हो रही हैं। उनका त्वरित निस्तारण करते हुए अधिकारी व्यक्तिगत जिम्मेदारी से कार्य करें और शासन स्तर की समस्या हेतु अधिकारी देहरादून आकर




संबंधित विभाग और स्वयं उनसे मिलकर समस्या का निवारण करें, ताकि समस्या का समाधान शीघ्र हो सके। उन्होंने कहा कि टनकपुर बनबसा क्षेत्र में पुरानी विद्युत लाइनें एवं ट्रांसफार्मर को एक माह के भीतर बदलने के साथ ही एलटी लाइन को भूमिगत करने हेतु प्रस्ताव तैयार करें साथ ही नए टर्मिनल भी बनाएं।

उन्होंने कहा कि अधिकारी जनता की समस्याएं प्राथमिकता से सुनते हुए उनका निस्तारण करें और किसी भी प्रकार से जनता को उनकी समस्याओं से उलझाए नहीं। ग्रीष्मकाल में बढ़ती विद्युत की मांग को देखते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को अपने कार्यालय एवं आवासों में ग्रिड कनेक्टेड सोलर पावर प्लांट ( सीएम सूर्य घर योजना) को लगाने के निर्देश दिए। साथ ही मुख्यमंत्री धामी ने जनता से भी इस योजना का लाभ लेने की अपील की।मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग में प्रमुख अभियंता को प्रदेश के छोटे शहर व कस्बों जहां जाम की स्थिति होती है वहां बाईपास का निर्माण कराने हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। किसी भी समस्या का स्थाई समाधान हो इस हेतु अधिकारी इसे गंभीरता से लें। जो कार्य जिस स्तर पर संभव हो अधिकारी व्यक्तिगत लेते हुए कार्यों को अपने स्तर से ही स्वीकृत कराए, बेवजह उन्हें लंबित न रखें। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड है।मुख्यमंत्री ने कुमाऊं आयुक्त को समय–समय पर विकास योजनाओं की अपने स्तर से समीक्षा बैठक करने के निर्देश दिए। उन्होंने पूर्णागिरि मेला क्षेत्र व शारदा घाट हेतु बनने वाले शारदा कॉरिडोर के निर्माण हेतु बेहतर कार्य योजना तैयार करने के निर्देश जिलाधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि भविष्य के लिए जो भी योजनाएं बनाई जाती हैं उसके लिए भूमि का चयन करते समय उसकी पूरी उपयोगिता जनता को मिले इसका विशेष ध्यान भूमि चयन करते समय रखा जाए।आयुक्त कुमाऊं दीपक रावत ने वर्तमान में विद्युत, पेयजल आदि की व्यवस्था एवं मानसून की पूर्व तैयारी के संबंध में जानकारी दी।बैठक में उत्तराखंड पावर कॉर्पोरेशन, पिटकुल, उत्तराखंड जल निगम, विद्युत निगम, लोक निर्माण विभाग एवं जल संस्थान के विभागाध्यक्ष द्वारा वर्तमान में विद्युत पेयजल की समस्या के समाधान हेतु की जा रही कार्यवाही को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अवगत कराया। बैठक में विद्युत विभाग के विभागाध्यक्ष ने अवगत कराया की टनकपुर– बनबसा क्षेत्र के अंतर्गत वर्तमान में विद्युत लाइन की फीडर है व पुरानी होने के साथ ही एक ही फीडर से ही चार सब स्टेशन के कारण समस्या हो रही है। वर्तमान में इस समस्या के समाधान हेतु अलग सर्किट का निर्माण तथा 6 नए बिजली घर प्रदेश में बनाए जा रहे हैं।




## संपादकीय

### सत्ता की चाबी किसके हाथ?

नई लोकसभा के गठन के लिए अब चंद घंटे का इंतजार ही बाकी रह गया है। इस बार चुनाव आयोग ने सात चरणों में भीषण गर्मी के बीच मतदान प्रक्रिया संपन्न कराई। गर्मी के दौरान हालांकि मत प्रतिशत कुछ कम नजर आया तो कुछ कर्मचारियों को भीषण गर्मी के कारण अपनी जान भी गंवानी पड़ी। ग्रीष्म ऋतु में चुनाव कराने को लेकर चुनाव आयोग पर सवाल भी उठे लेकिन अब चुनाव मतदान प्रक्रिया संपन्न हो चुकी है और 4 जून को पूरे देश में मतगणना का कार्य पूरा कराया जाएगा सातों चरण के चुनाव संपन्न होने के बाद विभिन्न सर्वे एजेंसी द्वारा एग्जिट पोल जारी किया गया है जिसमें अधिकांश एजेंसियों ने एनडीए गठबंधन को एक बार फिर देश की सत्ता पर काबिज होने की संभावनाएं जताई है। हालांकि भाजपा का "अबकी बार 400 पार" का नारा तो बुलंद होता नजर नहीं आ रहा है लेकिन उसके बावजूद रुझान जरूर यह बता रहे हैं कि नरेंद्र मोदी एक बार फिर प्रधानमंत्री बनकर हैट्रिक जमाने जा रहे हैं। एग्जिट पोल को लेकर हमेशा से सवाल खड़े होते आए हैं और इस बार भी विपक्ष ने एग्जिट पोल के परिणामों को गोदी मीडिया एवं सत्तारूढ़ दलों के हाथों की कठपुतली घोषित करने वाला ढकोसला बताया है। राहुल गांधी समेत "इंडिया" गठबंधन के बड़े नेताओं का अभी भी यही मानना है कि जब चुनाव परिणाम सामने आएंगे उसके बाद इंडिया महागठबंधन की सरकार वजूद में आएगी। इस बार के चुनाव प्रचार के दौरान "इंडिया महागठबंधन" ने अधिकांश राजनीतिक मंचों पर एक साथ बैठकर अपनी ताकत दिखाने का प्रयास किया लेकिन मतदाताओं पर इसका कोई खास असर पड़ा हो यह नजर नहीं आया। सीटों के बंटवारे को लेकर पश्चिम बंगाल एवं पंजाब में चुनाव से पूर्व ही रस्साकसी देखने को मिली लेकिन अंततः जनता के आगे अपनी एकता दर्शाने के लिए ही सही, राजनीतिक दलों ने सीटों को लेकर समझौता भी किया। भारतीय जनता पार्टी एवं एनडीए गठबंधन एग्जिट पोल के परिणामों को लेकर बेहद उत्साहित है और सरकार बनाने के लिए तैयारी भी शुरू की जा रही हैं। निश्चित तौर पर इस बार एनडीए गठबंधन कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में कई नए चेहरे मंत्रिमंडल में देखने को मिलेंगे। यदि एग्जिट पोल के आंकड़े एनडीए को बहुमत की सरकार बनाने की और ले जाने की पुष्टि करते हैं तो एक बार फिर उत्तराखंड के किसी एक सांसद को मंत्रिमंडल में जगह मिल सकती है। इससे पूर्व भी उत्तराखंड को केंद्रीय मंत्रिमंडल में स्थान मिला है लेकिन फिलहाल उत्तराखंड की ही बात करें तो "पॉलिटिकल एक्सपर्ट" उत्तराखंड की हरिद्वार एवं पौड़ी सीट पर उठा पटक की संभावनाएं भी जाता रहे हैं। पौड़ी सीट से ही अनिल बलूनी भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार हैं और यहां उनका विजय होना ही उन्हें मंत्रिमंडल में ले जाने का रास्ता भी साफ कर सकता है। बहरहाल इंतजार अब अधिक नहीं रह गया है, बुधवार 4 जून को नई सरकार की स्थिति साफ हो जाएगी, और यह भी साफ हो जाएगा की जनता के बीच किस नेता का प्रभाव सर चढ़कर बोला और किसे जनता ने पूरी तरह नकार दिया।

# एआइ से रोजगार की संभावनाएं भी कम नहीं

हिमानी रावत

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) एक उपयोगी और तेजी से उभरता हुआ क्षेत्र है। इसमें मानव बुद्धिमता की आवश्यकता वाले कार्यों के लिए प्रभावी बुद्धिमता वाले सॉफ्टवेयर सिस्टम का विकास किया जाता है। एआइ सिस्टम बड़े डेटाबेस का सम्मिश्रण और विश्लेषण कर अति उपयोगी सुझाव प्रदान करते हैं, जो व्यावसायिक दक्षता और नवाचार को बढ़ाता है। एआइ का विविध और विशिष्ट अनुप्रयोग होता है, जिनमें खेती जैसे पारंपरिक क्षेत्र का अनुकूलन, स्वचालित कार्यों का परिचालन, आभासी सहायक से लेकर चिकित्सा निदान और वित्तीय विश्लेषण तक शामिल हैं। एआइ के अनुप्रयोग से मनुष्यों पर निर्भरता कम होगी और स्वचालन बढ़ेगा। अधिकांश विशेषज्ञ स्वचालन को रोजगार का विपरीत समानुपाती मानते हैं। हाल में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने एआइ के प्रसार से आर्थिक विषमता बढ़ने की आशंका जतायी। दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के दौरान उन्होंने कहा कि एआइ के कारण जल्द ही विकसित देशों के कई श्रमिकों की नौकरियां समाप्त हो जायेंगी। कंसल्टिंग संस्था पीडब्ल्यूसी के एक हालिया प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, हर चार में से एक सीइओ के अनुसार एआइ से कम-से-कम पांच प्रतिशत रोजगार में कमी आयेगी। औद्योगिक क्रांति के शुरू से डाटा साइंस, ब्लॉकचेन, रोबोटिक्स जैसे हर उल्लेखनीय तकनीक के प्रचलन तक ऐसी आशंका जतायी जाती रही है। कई विशेषज्ञों ने एआइ से लाखों नयी नौकरियों के सृजन की संभावना भी व्यक्त की है। विश्व आर्थिक मंच के पिछले वर्ष के शोध के अनुसार आने वाले पांच वर्षों में एआइ शुद्ध रूप से रोजगार सृजनकारी बनेगा। उस रिपोर्ट के अनुसार एआइ संभावित रूप से 917 करोड़ नयी भूमिकाएं उत्पन्न कर सकता है। विश्व आर्थिक मंच के ही एक सर्वेक्षण में लगभग आधी (49%) कंपनियों ने एआइ के प्रसार से रोजगार वृद्धि की संभावना व्यक्त की, जबकि सिर्फ 23% ने रोजगार में कमी की आशंका जाहिर की। एआइ से संबंधित भूमिकाओं, जैसे- डाटा वैज्ञानिक, डाटा विशेषज्ञ और बिजनेस इंटेलिजेंस विश्लेषकों की संख्या में 30 से 35 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद है। ऑटोमोटिव और एयरोस्पेस उद्योग में तेजी से रोजगार बढ़ोतरी की संभावना है। एआइ के कारण कई नौकरियां अप्रचलित भी हो

एआइ का विविध और विशिष्ट अनुप्रयोग होता है, जिनमें खेती जैसे पारंपरिक क्षेत्र का अनुकूलन, स्वचालित कार्यों का परिचालन, आभासी सहायक से लेकर चिकित्सा निदान और वित्तीय विश्लेषण तक शामिल हैं। एआइ के अनुप्रयोग से मनुष्यों पर निर्भरता कम होगी और स्वचालन बढ़ेगा। अधिकांश विशेषज्ञ स्वचालन को रोजगार का विपरीत समानुपाती मानते हैं। हाल में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने एआइ के प्रसार से आर्थिक विषमता बढ़ने की आशंका जतायी। दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के दौरान उन्होंने कहा कि एआइ के कारण जल्द ही विकसित देशों के कई श्रमिकों की नौकरियां समाप्त हो जायेंगी। कंसल्टिंग संस्था पीडब्ल्यूसी के एक हालिया प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, हर चार में से एक सीइओ के अनुसार एआइ से कम-से-कम पांच प्रतिशत रोजगार में कमी आयेगी। औद्योगिक क्रांति के शुरू से डाटा साइंस, ब्लॉकचेन, रोबोटिक्स जैसे हर उल्लेखनीय तकनीक के प्रचलन तक ऐसी आशंका जतायी जाती रही है। कई विशेषज्ञों ने एआइ से लाखों नयी नौकरियों के सृजन की संभावना भी व्यक्त की है।

सकती हैं, कई नौकरियों को फिर से परिभाषित किया जायेगा और कई नये अवसर सामने आयेंगे। ऐसा भी संभव है कि जिस समूह की नौकरी खत्म हो जाए, उसे नयी नौकरी आसानी से न मिले और नये समूह को रोजगार आसानी से मिल जाए। समाज में असमानता की आशंका को नकारा नहीं जा सकता। कई शोधों के अनुसार, मीडिया, मनोरंजन, बैंकिंग और बीमा जैसे कई परंपरागत क्षेत्र में नौकरियों की कमी की आशंका है। विनिर्माण, ग्राहक सेवा, शिक्षा और वित्त सेवाओं, जैसे- एकलय, दुहराव और पुर्वानुमान वाली नौकरियों में भी कमी आ सकती है।मुद्रा कोष की उप प्रबंध निदेशक गीता गोपीनाथन के अनुसार, एआइ का प्रभाव अलग-अलग देशों में अलग-अलग हो सकता है। हमारे देश में कृषि क्षेत्र में श्रमिकों का एक बड़ा हिस्सा होने के कारण एआइ का रोजगार पर जोखिम लगभग 30% कम है। विकसित देशों में इसके सकारात्मक प्रभाव ज्यादा दिखेगा, क्योंकि वहां बुनियादी व्यवस्था और दक्ष कर्मचारी हैं। भारत उभरते बाजारों के औसत के करीब है, इसलिए एआइ के सकारात्मक प्रभाव का असर कम और देर से दिखेगा। वर्ष 2019 में एआइ के प्रचलन के बाद से भारतीय रोजगार बाजार में कई परिवर्तन आये हैं। दिसंबर 2022 में चाटजीपीटी के अनावरण के बाद तो और तेज परिवर्तन हुए हैं। डाटा एंट्री, बीपीओ, केपीओ, कॉल सेंटर जैसे नियमित कार्यों के स्वचालित होने से इनमें रोजगार घटा है, पर डाटा साइंस, इंजीनियरिंग और मशीन लर्निंग के अवसरों में वृद्धि हुई है। कृषि, शिक्षा आदि पारंपरिक क्षेत्रों में भी एआइ विशेषज्ञों की मांग शुरू हो चुकी है। व्हीबॉक्स नेशनल एम्प्लॉयबिलिटी टेस्ट के शोध रिपोर्ट के अनुसार, 2023 के अगस्त तक देश में एआइ पेशेवरों की कुल मांग के दो तिहाई से भी कम कुशल पेशेवर उपलब्ध थे। इस बाजार की मांग और आपूर्ति के बीच तालमेल बिठाने के लिए कौशल विकास, अपस्किलिंग और रीस्किलिंग महत्वपूर्ण होंगे। भारत में रोजगार की सुगमता के कारण अधिक लोग अनौपचारिक क्षेत्र चुन रहे हैं, पर ऑटोमोटिव, विनिर्माण और विभिन्न व्यापार क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर कौशल विकास कार्यक्रमों की आवश्यकता है। साथ ही, भावनात्मक कौशल, टीम वर्क, नेतृत्व कौशल व मूल्यांकन कौशल विकसित करना भी जरूरी है। व्यापक भलाई के लिए एआइ का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए दिशानिर्देश और नियमन आवश्यक हैं। हाल में जीपीएआइ शिखर सम्मेलन नयी दिल्ली में हुआ था। एआइ नियमन और प्रचालन की सबसे प्रमुख वैश्विक संस्था में मुख्य नेतृत्वकर्ता की भूमिका मिलना प्रौद्योगिकी, एआइ और वैश्विक समायोजन में भारत की बढ़ती कुशलता का परिचायक है। रोजगार बाजार पर एआइ का प्रभाव नकारात्मक भी है और सकारात्मक भी। नौकरी चाहने वालों और नियोक्ताओं को नयी तकनीकों को अपनाने के साथ तेज कौशल विकास पर भी काम करना होगा। इस संबंध में सरकार और व्यवसाय जगत को साथ आना चाहिए, ताकि आवश्यक कौशल उपलब्ध हो सके।

# विलुप्त होते आदिवासियों की चिंता

पद्मश्री अशोक

विगत दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदिवासी क्रांतिकारी नेता भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिन पर उनके जन्म स्थान झारखंड स्थित खूंटी के उलिहातू से एक महत्वाकांक्षी कल्याणकारी ह्यजनमन योजनाह्ल की घोषणा की। इस योजना को ऐतिहासिक बताया जा रहा है। यह योजना ऐसे 75 आदिवासी समूहों के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित है, जो आज भी देश की मुख्यधारा से विमुख हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 15 नवंबर, 2023 को लगभग 24 हजार करोड़ रुपये के बजट के साथ पीएम जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान का शुभारंभ किया। इस योजना के माध्यम से आदिवासी समाज के लोगों को बेहतर आजीविका के अवसरों जैसी बुनियादी सुविधा और जरूरत को सुनिश्चित करने का काम किया जायेगा। यह तीसरा मौका है, जब भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार ने आदिवासियों के लिए बड़ा काम किया है। इस मामले में खुद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भाजपा की अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने आदिवासी समाज के लिए अलग से मंत्रालय बनाया और अलग बजट आवंटित किया। पहले की तुलना में आदिवासी कल्याण का बजट छह गुना बढ़ाया गया है, ताकि प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत सरकार आदिवासी समूह और आदिम जनजातियों तक पहुंच कर उनका विकास सुनिश्चित कर सके। इससे पहले भाजपा सरकार ने ही आदिवासियों को केंद्र में रख कर दो प्रांतों का गठन किया, जिसमें झारखंड एक व्यापक जनजातीय बहुल प्रदेश है इस योजना को विशेष रूप से आदिवासियों के कल्याण हेतु बनाया गया है, जिसके लिए प्रधानमंत्री ने



प्रथम चरण में 24 हजार करोड़ रुपये आवंटित किये हैं। भारत में आदिवासियों की संख्या 10 करोड़ से अधिक है। आंकड़ों के अनुसार, देश की कुल जनसंख्या का 8।2 प्रतिशत भाग आदिवासियों का है। आदिवासी समूहों में से लगभग 10 ऐसे समूह हैं, जिन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिला है और उन्होंने सरकार द्वारा प्रदत्त आरक्षण का भी भरपूर लाभ उठाया है, लेकिन अधिकतर आदिवासी समूह सरकार की योजनाओं से वंचित रहे हैं। सरकार का दावा है कि आदिवासी समूहों में से 75 ऐसे समूह हैं, जहां आज भी सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं के बराबर पहुंचा है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा घोषित यह जनमन योजना उन्हीं 75 आदिवासी समूहों पर केंद्रित है। प्रधानमंत्री ने हाल ही में जिस विकसित भारत की आधारशिला रखी है, उसमें भी इस योजना की चर्चा की गयी है। यह बताया गया है कि जब तक देश के घने वनों, गिरी और कंदराओं में रहने वाले जनजातियों को देश के विकास की मुख्यधारा से नहीं जोड़ा जायेगा, तब तक विकास की अवधारणा अधूरी ही समझी जायेगी। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा पीएम जनमन योजना को शुरू करने का मुख्य उद्देश्य जनजातीय आदिवासी समुदाय के नागरिकों का विकास सुनिश्चित करना है।

इस योजना के माध्यम से आदिवासी जनजातियों के परिवारों को सड़क और दूरसंचार कनेक्टिविटी, बिजली पहुंचाने, सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल आदि सुविधा उपलब्ध करवाने का काम किया जायेगा। साथ ही, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण तक इन जनजातियों की पहुंच बनाने के लिए बुनियादी सुविधाओं और जरूरतों को पूरा किया जायेगा। योजना में इस बात की चर्चा की गयी है कि अति पिछड़े 75 आदिवासी समूह देश के 22 हजार से अधिक गांवों में रहते हैं। इनकी संख्या लाखों में है, जो विलुप्त होने की कगार पर हैं। इस योजना के तहत सरकार की अन्य योजनाओं को भी जोड़ा गया है, जैसे– शत प्रतिशत टीकाकरण, सिकल सेल रोग उन्मूलन, पीएमजेएवाइ, टीबी उन्मूलन, पीएम सुरक्षित मातृत्व योजना, पीएम मातृ वंदना योजना, पीएम पोषण, पीएम जन योजना आदि। इन योजनाओं के माध्यम से जनजातियों का विकास अलग से सुनिश्चित किया जायेगा। यह योजना देश के 18 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में चलायी जायेगी। इसके तहत देश के 220 जिलों को आच्छादित किया जायेगा। सरकारी दावे में कहा गया है कि योजना से देश की 28 लाख जनसंख्या लाभान्वित होने वाली है प्रधानमंत्री द्वारा इस योजना में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह मिशन के तहत लगभग 28 लाख विशेष पिछड़ी जनजाति समूह (पीवीटीजी) को दायरे में लाया जायेगा। इस मिशन के तहत जनजातीय समूहों के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाये जायेंगे, ताकि आदिवासियों का कल्याण किया जा सके। सरकार की ओर से बताया गया है कि सरकार 75 सूक्ष्म आदिवासी समूह वाले 22 हजार गांवों में बिजली, सुरक्षित घर, पीने का साफ पानी, सफाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण तक बेहतर पहुंच, रोजगार और रहन–सहन के मौके आदि उपलब्ध करवायेगी। इस प्रकार, देश में यह पहला मौका है कि किसी सरकार ने देश के उन सूक्ष्म आदिवासियों के लिए अलग से योजना बनायी है, जो लंबे समय से विकास की मुख्यधारा से न केवल दूर हैं, अपितु उनके पास जो मानवीय संसाधन है, उसका भी बेहतर उपयोग नहीं हो पा रहा है और वे विलुप्त होने की कगार पर पहुंच गये हैं।

## ऑनलाइन दुर्व्यवहार की व्यापक प्रकृति को दर्शाता

प्रौद्योगिकी के तेज विस्तार से हमारे जीने, काम और संवाद करने के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव आया है, पर हिंसा और शोषण के नये रूप भी सामने आये हैं। इंटरनेट आधारित हिंसा का प्रसार वैश्विक चिंता का विषय है।एडिनबर्ग विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं द्वारा किये गये पहले वैश्विक आकलन से पता चला है कि दुनियाभर में 30 करोड़ से अधिक बच्चे हर वर्ष ऑनलाइन यौन शोषण का शिकार होते हैं। शोध के अनुसार, वैश्विक स्तर पर 12।6 प्रतिशत बच्चे अनचाही यौन सामग्री, गैर–सहमति वाले संचार और जबरदस्ती वीडियो चैट के शिकार हुए हैं। यह ऑनलाइन दुर्व्यवहार की व्यापक प्रकृति को दर्शाता है। यह बातचीत अक्सर शोषण के भयावह रूपों को जन्म देती है। जैसे सेक्सटॉर्शन, जहां साइबर अपराधी पीड़ितों को फिरौती न दिये जाने पर निजी और अक्सर हेरफेर की गयी छवियों या वीडियो को जारी करने की धमकी देकर उनसे पैसे ऐंठते हैं। भारत में भी बड़ी संख्या में बच्चे साइबर बुलिंग का शिकार होते हैं। पिछले वर्ष आयी नेशनल सेंटर फॉर मिसिंग एंड एक्सप्लॉयटेड चिल्ड्रन नामक संस्था की एक रिपोर्ट की मानें, तो 2019 के बाद से भारत में बच्चों के ऑनलाइन यौन शोषण के मामलों में 87 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि बच्चों के यौन शोषण की ऑनलाइन सामग्री में 3।2 करोड़ का इजाफा हुआ है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आपराधिक गतिविधियों में वृद्धि ने परिदृश्य को और जटिल बना दिया है। ऑनलाइन दुर्व्यवहार के 12।5 प्रतिशत मामलों में इन प्लेटफॉर्म का उपयोग लोगों को यौन गतिविधियों में शामिल होने के लिए मजबूर करने के लिए किया जाता है। बाल और युवा पीढ़ी विशेष रूप से असुरक्षित है, क्योंकि उनमें परिपक्वता और अनुभव की कमी है। ऑनलाइन हिंसा की इस महामारी से निपटने के लिए ऑनलाइन सुरक्षा के लिए मजबूत उपायों को विकसित किया जाना चाहिए। बच्चों के लिए इंटरनेट एक्सेस डिवाइस कितनी जरूरी है, यह माता–पिता ही तय कर सकते हैं।

## ग्रामीण भारत में 25 प्रतिशत किशोर दूसरी कक्षा की किताब नहीं पढ़ सकते

ग्रामीण भारत में 14 से 18 साल के 25 प्रतिशत किशोर दूसरी कक्षा की किताब नहीं पढ़ सकते और लगभग 60 प्रतिशत पैमाने से ठीक से नाप नहीं ले सकते। ऐसे आंकड़े यह इंगित करते हैं कि ग्रामीण क्षेत्र में हमारी स्कूली व्यवस्था की गुणवत्ता निम्न स्तर पर है। स्वैच्छिक संस्था प्रथम फाउंडेशन की वार्षिक स्कूली सर्वेक्षण में बताया गया है कि 14 से 18 साल के लगभग 87 प्रतिशत किशोरों का स्कूलों में नामांकन है, लेकिन उम्र बढ़ने के साथ–साथ पढ़ाई छोड़ने का प्रतिशत बढ़ता जाता है। यह रिपोर्ट 26 राज्यों के 28 जिलों में करीब 35 हजार किशोरों के सर्वेक्षण पर आधारित है। पिछली बार 2017 में संस्था की वार्षिक रिपोर्ट में इस आयु वर्ग का सर्वेक्षण किया गया था। कोरोना महामारी के दौर में यह चिंता जतायी गयी थी कि जीवनयापन के लिए अधिक आयु के किशोर पढ़ाई छोड़ सकते हैं, लेकिन रिपोर्ट में पाया गया है कि ऐसा नहीं हुआ। यह संतोषजनक है, पर केवल स्कूल में दाखिले से बात नहीं बनेगी। हमें पढ़ाई के स्तर को बेहतर करना होगा। साल 2017 और 2023 के बीच छह साल का अंतराल है, किंतु किशोरों के स्तर में कोई विशेष गुणात्मक सुधार नहीं हुआ है। क्षेत्रीय भाषाओं के पाठ पढ़ने में लड़कों की तुलना में लड़कियों का प्रदर्शन बेहतर है, पर अंग्रेजी पाठ पढ़ने और गणित में लड़के अच्छा कर रहे हैं। पहली बार इस रिपोर्ट में 11वीं और 12वीं में विषयों के चयन पर सर्वेक्षण कियइन कक्षाओं में 54 प्रतिशत छात्र कला एवं मानविकी विषय पढ़ रहे हैं, जबकि 9।3 प्रतिशत वाणिज्य और 33।7 विज्ञान पढ़ रहे हैं। विज्ञान पढ़ने के मामले में लड़कों से लड़कियां पीछे हैं। यदि किशोर स्कूली स्तर पर बुनियादी चीजें नहीं जानेंगे, तो वे या तो आगे की पढ़ाई ठीक से नहीं कर पायेंगे या स्कूली शिक्षा के बाद पढ़ना छोड़ देंगे।

# तमिल–तेलुगु में धूम मचा चुकी है तमन्ना–राशि की अरनमनई 4, अब 31 मई को हिंदी में होगी रिलीज



सुंदर सी द्वारा निर्देशित फिल्म अरनमनई 4 एक कॉमेडी हॉरर फिल्म है। फिल्म में अभिनेत्री तमन्ना भाटिया,राशि खन्ना और सुंदर सी मुख्य भूमिकाओं में नजर आए थे। फिल्म इस साल ही 3 मई को तमिल और तेलुगु में रिलीज हुई थी। फिल्म को दर्शकों को जबर्दस्त प्यार मिला। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छी कमाई की थी। तमिल और तेलुगु में रिलीज हुई फिल्म ने 100 करोड़ से भी ज्यादा की कमाई की थी। अब यह फिल्म हिंदी में भी जल्द ही रिलीज होने वाली है। क्षेत्रीय भाषा में रिलीज होने और सौ करोड़ से भी ज्यादा का कारोबार करने के बाद फिल्म अब हिंदी भाषी दर्शकों के दिल को जीतने आ रही है। फिल्म को हिंदी में 31 मई को रिलीज किया जाएगा। अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने खुद इसकी पुष्टि की है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फिल्म के हिंदी ट्रेलर को साझा किया है। उनके फैंस फिल्म के ट्रेलर को लेकर काफी उत्साहित हैं। फिल्म के निर्माताओं को उम्मीद है कि फिल्म फिर से एक बार अपना जादू बिखेरने में कामयाब हो जाएगी। हिंदी में बावेजा स्टूडियोज इसे रिलीज कर रहा है। यह मशहूर अरनमनई फ्रेंचाइजी की चौथी कड़ी है। अरनमनई 4 इस फ्रेंचाइजी की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। फिल्म को समीक्षकों से भी मिश्रित और सकरात्मक प्रतिक्रिया मिली थी। ऐसे में देखने वाली बात होगी कि हिंदी दर्शकों को यह फिल्म कितना पसंद आती है।

### बॉक्स ऑफिस पर राजकुमार राव की फिल्म श्रीकांत की दैनिक कमाई 40 करोड़ रुपये की ओर

राजकुमार राव, अलाया एफ, ज्योतिका और शरद केलकर जैसे दिग्गज सितारों के अभिनय से सजी फिल्म श्रीकांत से दर्शकों को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी।इसके बावजूद पिछले कुछ दिनों से लाखों में सिमटी इस फिल्म की कमाई रिलीज के तीसरे सप्ताह में भी जारी है।श्रीकांत को लगभग 40 करोड़ रुपये की लागत में बनाया गया है और अब यह अपना बजट वसूलने से बस एक कदम दूर है। अब श्रीकांत के 20वें दिन के कमाई के आंकड़े भी सामने आए हैं।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, तीसरे बुधवार इस फिल्म ने 85 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इस फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 39.55 करोड़ रुपये हो गया है।श्रीकांत का निर्देशन तुषार हीरानंदानी ने किया है। भूषण कुमार, कृष्ण कुमार और निधि परमार इस फिल्म के निर्माता हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, श्रीकांत जल्द ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक दे सकती है। राजकुमार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही के प्रचार–प्रसार में व्यस्त हैं।इसमें उनकी जोड़ी जाह्नवी कपूर के के साथ बनी है। यह फिल्म 31 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है।

# गौतम अदाणी ने नॉर्वे शतरंज में इतिहास रचने पर प्रग्नानंदा को दी बधाई

नई दिल्ली, भारत के स्टार शतरंज खिलाड़ी आर. प्रग्नानंदा ने नॉर्वे शतरंज में इतिहास रच दिया है। देश में इस खुशी के मौके पर अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने भी प्रग्नानंदा के लिए एक खास पोस्ट शेयर किया है।

गौतम अदाणी ने रविवार को 18 वर्षीय आर. प्रग्नानंदा की सराहना की और उन्हें 2024 नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में क्लासिकल शतरंज में विश्व नंबर 1 मैग्नस कार्लसन और नंबर 2 फैबियानो कारुआना के खिलाफ जीत के लिए बधाई दी। भारतीय ग्रैंडमास्टर ने नॉर्वे के स्टावेंजर में शतरंज प्रतियोगिता में राउंड–3 में पांच बार के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन को हराने के बाद राउंड–5 में कारुआना को हराया। भारतीय स्टार ग्रैंडमास्टर ने अब एक ही



टूर्नामेंट में वर्ल्ड टॉप–2 को हराकर एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया है। गौतम अदाणी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, अविश्वसनीय प्रग्नानंदा! नॉर्वे शतरंज में क्लासिकल शतरंज में विश्व के नंबर 1 मैग्नस कार्लसन और नंबर 2 फैबियानो कारुआना को हराना अद्भुत है। आप शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और अभी सिर्फ 18 साल के हैं!..तिरंगा को ऊंचा फहराते रहिए.. ढेर सारी शुभकामनाएं। इस जीत के साथ प्रग्नानंदा ने अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ की विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में जगह बनाई, और 8.5 अंकों के साथ टूर्नामेंट स्टैंडिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गए। नॉर्वे शतरंज के आधिकारिक हैंडल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रग्नानंदा इज बैक। युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ी प्रग्नानंदा ने राउंड 5 में वर्ल्ड नंबर–2 फैबियानो कारूआना को हराकर शतरंज की दुनिया को फिर से चौंका दिया! राउंड 3 में वर्ल्ड नंबर–1 मैग्नस कार्लसन को हराने के बाद, उन्होंने अब पहली बार क्लासिकल शतरंज में शीर्ष दो खिलाड़ियों को हराया है, और शीर्ष 10 में जगह बनाई है! इस बीच प्रग्नानंदा की बहन वैशाली ने दिग्गज खिलाड़ी पिया क्रैम्लिंग को हराकर अपना दबदबा जारी रखा और अपनी बढ़त को कुल 8.5 अंकों तक पहुंचा दिया।

# विक्रांत मैसी की ब्लैकआउट का ट्रेलर जारी, सस्पेंस और कॉमेडी से भरपूर हैं फिल्म

पिछले साल अपनी फिल्म 12वीं फेलह्न की सफलता का आनंद लेने के बाद एक्टर विक्रांत मैसी ने खूब वाहवाही लूटी। इस फिल्म की दर्शकों ने काफी तारीफें की। विक्रांत अब अपनी आगामी क्राइम थ्रिलर कॉमेडी फिल्म ब्लैकआउट की ओटीटी रिलीज के लिए तैयार हैं। फिल्म में मौनी रॉय और सुनील ग्रोवर भी हैं। ब्लैकआउट का ट्रेलर आज पहले सोशल मीडिया पर जारी किया गया था और यह थ्रिलर, सस्पेंस और कॉमेडी की रोलरकोस्टर सवारी है।आपको बता दें कि विक्रांत मैसी और मौनी रॉय की ब्लैकआउट के निर्माताओं ने यूट्यूब पर ब्लैकआउट का ट्रेलर लॉन्च किया। वीडियो के डिस्क्रिप्शन में लिखा है, एक नॉर्मल सफर को पीड़ित बनाना कोई इनसे (हमसे) सिखे। 2 मिनट 35 सेकंड के ट्रेलर में विक्रांत की कॉमिक टाइमिंग और सह–कलाकार सुनील ग्रोवर के साथ उनकी दोस्ती मुख्य आकर्षण है।ब्लैकआउट के ट्रेलर की शुरुआत विक्रांत मैसी के साथ होती है, जो पगड़ी और लंबी दाढ़ी रखते हैं क्योंकि वह सोफे पर बैठते हैं। कुछ सेकंड बाद, कोई भी उनके अन्य अवतारों को भी नोटिस कर सकता है। विक्रांत ने लेनी डिसूजा की भूमिका निभाई है, जो एक स्टिंग ऑपरेशन पत्रकार है, जो एक ब्लैकआउट के दौरान एक कार दुर्घटना से मिलता है।लेनी, जो सुरक्षित है, दूसरी कार में पड़े खजाने का ढेर पाता है और इस तरह बादशाह बनने का उसका लालच शुरू होता है। ट्रेलर में सुनील ग्रोवर और बाद में मौनी रॉय को उनके साथ उनके सफर पर टैग करते हुए दिखाया गया है। एक सीन में लेनी के रूप में विक्रांत कहते हैं, किस्मत इतनी खराब है मेरी, आसमान में पत्थर भी फेखुंगा ना, एस ला एस्ट्रोइड बांके मेरे ऊपर ही गिरेगा। ट्रेलर में एक सीक्वेंस में पुदिन हारा का रेफरेंस भी है।देवांग शशिन भावसार द्वारा लिखित और निर्देशित, ब्लैकआउट 7 जून, 2024 से जियोसिनेमा पर स्ट्रीमिंग शुरू करेगा। क्राइम थ्रिलर एंटरटेनर निश्चित रूप से आपको अपनी सीटों के किनारे पर रखेगा, क्योंकि आप अप्रत्याशित ट्विस्ट और टर्न देखते हैं।

### डॉर्टमुंड को 2–0 से हराकर रियल मैड्रिड बना चैंपियन

लंदन, स्पैनिश क्लब रियल मैड्रिड ने 15वीं बार यूरोपियन फुटबॉल का सबसे बड़ा टूर्नामेंट यूईएफए चैंपियंस लीग खिताब जीता। रियल मैड्रिड ने डॉर्टमुंड को 2–0 से एकतरफा अंदाज में हराते हुए यह ऐतिहासिक जीत दर्ज की। लंदन के वेम्बली स्टेडियम में रियल मैड्रिड ने टीम जर्मन क्लब बोरुसिया डॉर्टमुंड के खिलाफ दमदार प्रदर्शन किया। हालांकि, मैच की शुरुआत दोनों टीमों के बीच धीमी रही और किसी भी टीम ने ज्यादा रिस्क नहीं लिया। यही कारण था कि पहला क्वार्टर खत्म होने के बावजूद स्कोर 0–0 रहा। रियल मैड्रिड और डॉर्टमुंड ने कई मौके जरूर बनाए, लेकिन वे गोल दागने में सफल नही रहे।

डॉर्टमुंड के लिए 23वें मिनट में निकलस फुलक्रुग ने शानदार मौका बनाया लेकिन गेंद गोल पोस्ट से टकराकर आ गई। पहला हाफ गोलरहित खत्म होने के बाद दूसरे हाफ में रियल मैड्रिड ने आक्रमण तेज कर दिया।

# वॉर्म–अप मैच में पंत–हार्दिक का फॉर्म भारत के लिए अच्छे संकेत

डैलस, टी20 विश्व कप से पहले वॉर्म–अप मैच में हार्दिक पांड्या और ऋषभ पंत के अंदाज ने टीम इंडिया को बड़ा कॉन्फिडेंस दिया है। दोनों ही खिलाड़ियों ने बांग्लादेश के खिलाफ अपने पुराने अंदाज में परफॉर्म किया। इसके दम पर भारतीय टीम ने अपने इकलौते वॉर्मअप मैच में बांग्लादेश को 62 रन से हराया। भारत के लिए मैच के हीरो रहे हार्दिक पांड्या और ऋषभ पंत ने बांग्लादेशी गेंदबाजों की खूब धुनाई की। नसाउ इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मैच में रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारत ने ऋषभ पंत (53 रन) और हार्दिक पांड्या (40 रन) के दम पर 183 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में बांग्लादेश 20 ओवर में 9 विकेट पर 120 रन ही बना सकी। बल्लेबाजी और गेंदबाजी, दोनों डिपार्टमेंट में भारत का प्रदर्शन टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले अच्छे संकेत हैं। इस मुकाबले में टीम इंडिया ने कई एक्सपेरिमेंट किए। कप्तान रोहित शर्मा के साथ संजू सैमसन ओपनिंग करते नजर आए। हालांकि, वह मात्र एक रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

ऋषभ पंत तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए। सडक़ हादसे के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पहली बार वापसी कर रहे ऋषभ पंत ने शानदार अर्धशतक जड़ा। रिटायर्ड आउट होने से पहले पंत ने 32 गेंदों में 4 चौके और इतने ही छक्के जड़े। वहीं, रोहित शर्मा अब भी बल्ले के साथ संघर्ष करते नजर आ रहे हैं। हिटमैन ने 19 गेंदों में मात्र 23 रन बनाए। यहां हार्दिक पांड्या ने करीब 200 की स्ट्राइक रेट से 40 रन बनाए। उनका इस तरह बल्लेबाजी करना फैंस और टीम इंडिया के लिए एक अच्छी खबर है।

## एक नजर

### विद्यार्थियों को दी छात्रवृत्ति

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ीः उत्तराखंड लोक साहित्य एवं सांस्कृतिक मंच की ओर से मातृ–पितृ विहीन छात्र छात्राओं को स्व. धरणीधर चंदोला छात्रवृत्ति प्रदान की गई। मंच के संयोजक केशर सिंह असवाल ने बताया कि कोट, पौड़ी और कल्जीखाल ब्लाकों से छात्र-छात्राओं को चयनित कर उन्हें छात्रवृत्ति के रूप में 6 हजार वार्षिक राशि प्रदान की गई। बताया कि छात्रवृत्ति हर साल दी जाती है। इस मौके पर सत्यप्रसाद थपलियाल, पीएल खंतवाल, अजयपाल सिंह आदि शामिल रहे।

### 5752 छात्रों ने दी गढवाल विवि की बीएड प्रवेश परीक्षा

श्रीनगर गढ़वाल। गढ़वाल विवि की बीएड प्रवेश परीक्षा प्रदेश भर के 15 परीक्षा केन्द्रों में रविवार को सम्पन्न हुई। गढ़वाल विवि के परीक्षा नियंत्रक अनिल नौटियाल ने बताया कि 15 परीक्षा केन्द्रों में हुई बीएड प्रवेश परीक्षा में गढवाल विवि के बिड़ला परिसर श्रीनगर के परीक्षा केंद्र में 700 में से 646, चौरास परिसर श्रीनगर में 371 में 343, एसआरटी परिसर बादशाहीथौल टिहरी में 348 में से 305 छात्रों ने परीक्षा दी। बीजीआर परिसर पौड़ी में 182 में से 163 छात्रों ने परीक्षा दी। डीएवी पीजी कालेज देहरादून में 700 में से 583, डीबीएस पीजी कालेज देहरादून में 600 में से 512 ने परीक्षा दी। ऐसे ही अन्य केंद्रों में अन्य छात्रों ने परीक्षा दी। प्रो. नौटियाल ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्र में बीएड प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई।

### पारदर्शिता के लिए आरटीआई की भूमिका अहम : योगेश भट्ट

नई टिहरी। राज्य सूचना आयुक्त योगेश भट्ट की अध्यक्षता में रविवार को प्रेस क्लब में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की एक दिवसीय कार्यशाल का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि आजादी के बाद सूचना का अधिकार एक ऐसा कानून सामने आया है। जिसमें आम व्यक्ति को शक्ति प्रदान की गई है। इस कानून की मदद से पारदर्शी सिस्टम को मजबूत करने का काम बखूबी किया जा सकता है। रविवार को आयोजित एक दिवसीय सूचना का अधिकार अधिनियम कार्यशाला का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथ योगेश भट्ट ने दीप प्रज्वलन कर किया। प्रेस क्लब अध्यक्ष शशि भूषण भट्ट, महामंत्री गोविंद पुंडीर और नागरिक मंच के अध्यक्ष सुंदर लाल उनियाल ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। साहित्यकार सोमवारी लाल सकलानी ने अपनी कविता से सूचना के अधिकार अधिनियम के महत्व पर प्रकाश डाला।

### पांच दिनों से धधक रहे बालगंगा रेंज के जंगल

नई टिहरी। टिहरी वन प्रभाग के बालगंगा रेंज के जंगल धू–धूकर जल रहे हैं। लेकिन वन विभाग वनाग्नि पर काबू पाने में नाकाम साबित हो रहा है। कई दिनों से बालगंगा रेंज के जंगलों में चारों ओर लगी आग चपेट में आने से चीड़, देवदार और बांज–बुरांस के जंगल जलकर खाक हो चुके है। बीते भिलंगना ब्लॉ के आरगढ़, गोनगढ़, अपर केमर, बासर व बूढाकेदार के जंगलों में बीते 5 दिनों से आग लगी हुई है।

### लिपिक वर्ग को डीडीओ बनाने का किया विरोध

नई टिहरी। शिक्षा विभाग के लिपिक वर्ग को बीईओ और डिप्टी ईओ का चार्ज देने और आहरण वितरण अधिकारी बनाने की सरकार की मंशा का राजकीय शिक्षक संघ की गढ़वाल मंडल इकाई ने रविवार को कड़ा विरोध किया है। राजकीय शिक्षक संघ गढ़वाल मंडल मंत्री डॉ हेमंत पैन्यूली और मंडल के प्रवक्ता कमल नयन रतूड़ी ने महानिदेश-ाक के हवाले से आए इस आशय के समाचार पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा कोई प्रस्ताव है, तो इसे तत्काल निरस्त किया जाए।

### राजतिलक के साथ रामलीला संपन्न

चमोली। अपर बाजार कर्णप्रयाग में आयोजित रामलीला भगवान श्रीराम के राजतिलक के साथ संपन्न हो गई। पंडित सीपी खंडूड़ी और महानंद मैठाणी ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। कमेटी के अध्यक्ष हरिकृष्ण भट्ट, महामंत्री राजेश जोशी और कोषाध्यक्ष नवीन डिमरी ने रामलीला कमेटी की ओर से सभी रामभक्तों का आभार जताया। भगवान श्रीराम, सीता माता, लक्ष्मण, अनुमान और वानर सेना के अयोध्या लौटने पर शानदार झांकी निकाली गई। इस दौरान भक्तों ने श्रीराम के जयकारे लगाए और माथे पर विजय तिलक लगाकर प्रसाद गृहण किया। मौके पर अभिनव जोशी, प्रदीप बिष्ट, आशुतोष पुरोहित सहित कोरस की बालिकाओं को पुरस्कार और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# अनियंत्रित बस ने दुकान की दीवार तोड़ी, बड़ा हादसा होने से टला

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः** रविवार को बुद्धा पार्क के समीप एक अनियंत्रित बस ने दुकान की दीवार को तोड़ दी। राष्ट्रीय राजमार्ग के समीप हुई घटना से अफरा-तफरी मच गई। गनीमत यह रही कि घटना के दौरान कोई भी व्यक्ति आसपास नहीं था। जिससे एक बड़ा हादसा होने से बच गया। घटना के दौरान बस ने एक बाइक को भी टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया था।

घटना सुबह करीब नौ बजे की है। उत्तर प्रदेश से पर्यटकों को लेकर पहुंची बस बुद्धा पार्क के समीप महाविद्यालय को जाने वाली सड़क पर खड़ी थी। इसी दौरान चालक बस को मुख्य मार्ग पर लाने लगा। जैसे ही बस मोड़ पर पहुंची वह अनियंत्रित होकर सड़क किनारे की एक दुकान की दीवार में घुस गई। दीवार टूटते ही दुकान में बैठे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। दुकान स्वामी दीपक जदली ने बताया कि दीवार के समीप ही उनका किचन है, जहां वह ग्राहकों के लिए चाय बना रहे थे व घटना के समय दुकान के बाहर आए हुए थे। घटना के दौरान दुकान के समीप खड़ी एक पुलिस कर्मी की भी मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई। साथ ही बस को भी काफी नुकसान पहुंचा है। घटना के बाद व्यापारियों का बस चालक के साथ भी विवाद हुआ। लेकिन, मौके पर पहुंची पुलिस ने विवाद को शांति करवाया।



दुकान की दीवार पर टक्कर मारने के बाद मौके पर खड़ी बस

## नैनीडांडा ने जीता मुकाबला

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः दुगड्डा नगर पालिका के पूर्व पालिकाध्यक्ष स्व. दीपक बडोला की स्मृति में रविवार से बालिकाओं की दो दिवसीय राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता आरंभ हो गई है। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला नैनीताल की बालिकाओं के नाम रहा।दुगड्डा स्थित राजकीय इंटर कालेज मैदान में आयोजित प्रतियोगिता का आरंभ पूर्व शिक्षाविद व स्व. दीपक बडोला के पिता पं. रामप्रसाद बडोला ने किया। प्रतियोगिता में नैनीताल, बागेश्वर, कालाढूंगी, टिहरी, हल्दूचौड़, किनसूर, चेलूसैण और कोटद्वार की बालिकाओं की टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला नैनीताल व ऋषिकेश की बालिकाओं के बीच खेला गया। जिसमें नैनीताल ने 10–8 से जीत हासिल की। इस दौरान उत्तराखंड राज्य खो–खो फेडरेशन के सचिव रजत शर्मा, कोच राजेंद्र नेगी, आयोजक आशीष कुमार, प्रदीप बडोला और सौरभ गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## पुल मरम्मत कार्य में देरी, नागरिक मंच ने जताया रोष

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः** गत वर्षाकाल में क्षतिग्रस्त हुए मालन पुल मरम्मत कार्य में देरी पर नागरिक मंच ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि सरकारी सिस्टम की लापरवाही से इस वर्ष भी वर्षाकाल में भाबरवासियों को समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। इस दौरान मंच ने शहर की अन्य समस्याओं को लेकर भी चर्चा की।

कहा कि जल्द ही इस संबंध में अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को पत्र दिया जाएगा। आयोजित बैठक में राजेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि बीते वर्षाकाल में मालन पुल धराशायी हो गया था। जिससे भाबर क्षेत्र की करीब पचास हजार आबादी प्रभावित हो गई थी। सबसे अधिक परेशानी फैक्ट्रियों तक कच्चा माल पहुंचाने व स्कूली बच्चों को उठानी पड़ी। कहा कि आनन फानन में लोकनिर्माण विभाग ने नदी से वैकल्पिक मार्ग तैयार किया। लेकिन, यह एक बेहतर विकल्प नहीं है। वर्षाकाल में जनता को और अधिक समस्याएं झेलनी पड़ेंगी। लगातार शिकायत के बाद भी कछुआ चाल से पुल मरम्मत का कार्य चल रहा है। वक्ताओं ने वर्षाकाल से पूर्व पनियाली, सुखरो, ग्वालगड व मालन नदी के आसपास से अतिक्रमण हटवाने की भी मांग उठाई। कहा कि क्षेत्र में जानमाल का नुकसान न हो इसके लिए लिए योजनाएं तैयार की जानी चाहिए। साथ ही गोखले मार्ग में भी अतिक्रमण की समस्या के निराकरण पर चर्चा की गई। कहा कि शहरवासी लगातार गोखले मार्ग को अतिक्रमण मुक्त करवाने की मांग उठा रहे हैं। लेकिन, हर बार केवल खानापूर्ति ही की जाती है।

बैठक में मालिनी किसान पंचायत की ओर से नहरों की सफाई की शिकायत उठाने के बाद भी समस्या का निराकरण नहीं होने पर रोष व्यक्त किया गया। कहा कि नगर निगम व सिंचाई विभाग काश्तकारों के हितों को लेकर लापरवाह बना हुआ है। इस मौके पर मंच के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश नैथानी, महासचिव अतुल भट्ट, शंकर दत्त गौड़, सत्यनारायण नौटियाल, राकेश लखेड़ा, महावीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले होंगे सम्मानित

चमोली। 27 वां गौरा देवी पर्यावरण एवं प्रकृति पर्यटन विकास मेला 5 और 6 जून को उर्गम घाटी में आयोजित किया जायेगा। पिछले 26 वर्षों से आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम को इस बार भी भव्यता से मनाया जायेगा। कार्यक्रम की तैयारियों पर आयोजक समेत क्षेत्र की जनता जुटी है। गौरा देवी मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह रावत, क्षेत्र के संस्कृति धर्मी रघुवीर सिंह नेगी, उर्गम की ग्राम प्रधान मिंकल देवी ने बताया कि बैठक में मेले की रूपरेखा के बारे में विस्तार से चर्चा पर चर्चा की गई। बताया गौरा देवी सम्मान के लिए ग्रामीण पृष्ठभूमि के सीमांत क्षेत्र के बच्चों को हाई स्कूल और इंटरमीडिएट कक्षा में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने के लिए प्रतिभा सम्मान तथा पर्यावरण संस्कृति शिक्षा साहित्य कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मान के लिए चयनित किया गया है। पत्रकारिता और ग्रामीण विकास के लिए पत्रकार पूरन भिलंगवाल, सुरेन्द्र रावत, प्रदीप भंडारी, सोनिया मिश्रा, रंजीत रावत को पुरस्कार के चयनित किया गया। पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने के लिए चंदन सिंह नयाल, डॉ त्रिलोचन सोनी, द्वारिका प्रसाद, साहसिक स्पोर्ट्स साइकिलिंग के लिए सोमेश पंवार, गढ़ भोज पर्यावरण संरक्षण राजेश थपलियाल, जोशीमठ शिक्षा के क्षेत्र में महेश, जल संरक्षण, उध्यानीकरण के लिए मनोज सती, पर्यावरण संरक्षण वृक्षारोपण के लिए वीरेंद्र गोदियाल, पथ वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण सत्येंद्र सिंह रावत, मंसाराम, राजेश नेगी, मंजू देवी, मिंकल, हेमलता और सुधीर तिवारी वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण के लिए चुना गया है। इन सभी लोगों को वर्ष 2024 का गौरव देवी सम्मान दिया जाएगा ।

## निधन पर जताया शोक

कोटद्वारः ग्रामीण विकास नागरिक विचार मंच ने मंच के वरिष्ठ सहयोगी नीलांबर जोशी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। कहा कि समाज सेवा के लिए दिया गया उनका योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। सदस्यों ने दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा शांति के लिए प्रार्थना की। बालासौड़ में आयोजित शोक सभा में मंच के अध्यक्ष प्रवेश चंद्र नवानी ने कहा कि स्व.नीलांबर जोशी को एक सामाजिक चिंतक के रूप में याद किया जाएगा। जोशी बीरोंखाल के सैंधार गांव के रहने वाले थे। वह मदर डेरी से प्रबंधक पद से अवकाश प्राप्ति के बाद लगातार समाज सेवा में जुटे हुए थे।

उन्होंने देवसंस्कृति विश्व विद्यालय शांति कुज हरिद्वार में विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में भी सेवाएं दी। शोक व्यक्त करने वालों में शिव प्रकाश कुकरेती, राकेश लखेड़ा, विद्या नवानी, प्रभाकर ध्यानी, धीरज सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## तेज तूफान से मार्ग पर गिरे पेड़, बीच जंगल में परिवार के साथ फंसे पूर्व सैनिक

### एसडीआरएफ व अग्निशमन विभाग ने रात को चलाया रेस्क्यू अभियान

**जयन्त प्रतिनिधि।** शनिवार शाम तेज तूफान से कोटद्वार-पुलिंडा मार्ग पर जगह-जगह पेड़ गिर गए। इस दौरान अपने परिवार के साथ चरेख घूमने गए एक पूर्व सैनिक कोटद्वार से करीब छह किलोमीटर दूर बीच जंगल में फंस गए। सूचना के बाद एसडीआरएफ, अग्निशमन विभाग व गौरव सैनिक बंगाल इंजीनियर ग्रुप के सदस्यों ने पेड़ों को मार्ग से हटाकर पूर्व सैनिक व उनके परिवारों को सकुशल जंगल से बाहर निकाला।

पूर्व सैनिक दीपक नेगी अपनी पत्नी व बच्चों के साथ कार से चरेख मार्ग पर घूमने के लिए गए हुए थे। इसी दौरान शाम के समय अचानक तेज हवाएं चलने लगी। वाहन लौटते समय कोटद्वार से करीब छह किलोमीटर आगे पुलिंडा मार्ग पर तीन स्थानों पर भारी भरकम पेड़ सड़क पर गिर गए। शाम करीब छह बजे तक जंगल में फंसे दीपक नेगी प्रशासन की ओर से पेड़ों के हटवाने का इंतजार करते रहे। काफी देर तक भी जब पेड़ नहीं हटवाए गए तो उन्होंने इसकी गौरव सैनिक बंगार इंजीनियर ग्रुप के अध्यक्ष दिवाकर लखेड़ा को दी। जिसके बाद दिवारक लखेड़ा ने कोतवाली पुलिस के साथ ही एसडीआरएफ को घटना के बारे में बताया। रात के समय मौके पर पहुंची एसडीआरएफ, अग्निशमन विभाग व गौरव सैनिक बंगाल इंजीनियर ग्रुप के सदस्यों ने एकजुट होकर पेड़ों को हटवाने का कार्य प्रारंभ किया। रेस्क्यू अभियान में रमेश पुंडीर, जितेंद्र सिंह, देवेंद्र कुमार भी शामिल रहे। तीन अलग-अलग स्थानों पर पड़े भारी भरकम पेड़ों को हटाने के बाद रात करीब 11 बजे पूर्व सैनिक व उनके परिवार का रेस्क्यू किया गया। दरअसल, जिस स्थान पर पूर्व सैनिक फंसे हुए थे वहां लगातार हाथियों की धमक बनी रहती है। ऐसे में परिवार के साथ कोई भी बड़ा हादसा हो सकता था।



कोटद्वार के पुलिंडा मार्ग में पेड़ों को हटवाने में जुटे एसडीआरएफ, अग्निशमन व संगठन के सदस्य

# श्रद्धालुओं का उमड़ा तांता, सड़क भी हुई जाम

● रविवार को बड़ी संख्या में सिद्धबली दर्शन को पहुंचे श्रद्धालु ● व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में छूटे पुलिस कर्मियों के पसीने

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः रविवार को भीषण गर्मी व चिलचिलाती धूप के बाद भी श्री सिद्धबली बाबा दर्शन को सैकड़ों भक्तों की भीड़ उमड़ी हुई थी। हालत यह थी कि बाजार से सिद्धबली को जाने वाले मार्ग पर पूरे दिन जाम की स्थिति देखने को मिली। भक्तों ने घंटों लाइन में खड़े रहकर बाबा के दर्शन किए। इस दौरान भक्तों के लिए मंदिर में विशेष भंडारे का भी आयोजन किया गया था। गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में स्थित श्री सिद्धबली बाबा से सैकड़ों भक्तों की आस्था जुड़ी हुई है। यही कारण है कि मंदिर में रविवार व मंगलवार को भक्तों का तांता लगा रहता है। रविवार को सुबह से भक्त बाबा के दर्शन को पहुंच रहे थे। अधिकांश श्रद्धालु अपने परिवार के साथ अपनी कार से पहुंच रहे थे। जिसके कारण बुद्धा पार्क से मंदिर मार्ग तक भारी जाम लगा हुआ था। व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए पुलिस ने उत्तर प्रदेश के जिला बिजनौर से विभिन्न गांव से आने वाले श्रद्धालुओं की ट्रैक्टर-ट्राली को बुद्धापार्क के समीप ही रोक दिया गया था। यहां से श्रद्धालु डेढ़ किलोमीटर पैदल चलकर मंदिर तक पहुचें। वहीं, मंदिर में श्रद्धालुओं की इतनी भीड़ थी कि मंदिर के दरबार से लेकर पुल तक दो लंबी लाइनें लगी हुई थी। मंदिर में भक्तों के लिए विशेष भंडारे का भी आयोजन करवाया गया था।



कोटद्वार के श्री सिद्धबली मंदिर में प्रवेश द्वार पर लगी भक्तों की लाइन

## हर रोज कुछ नया सीखने की ललक पैदा करें छात्र

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में अजीज प्रेमजी फाउंडेशन व महाविद्यालय की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बीएड प्रशिक्षार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। कहा कि विद्यार्थियों को हर रोज कुछ नया सीखने का प्रयास करना चाहिए।

छह दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य जानकी पंवार ने किया। कार्यशाला में बीएड विभाग के 50 प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। कार्यशाला के आयोजक सचिव प्रोफेसर बीसी. शाह द्वारा कार्यशाला के उद्देश्य एवं आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया।। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर जानकी पंवार ने बी.एड के प्रशिक्षणार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं बच्चों को कुछ नया सीखने के लिए प्रेरित करती है। छह दिवसीय इस कार्यशाला में 12 सत्र आयोजित होने हैं, जिनमें से प्रथम आठ सत्रों में छात्र-छात्राएं ह्लआर्ट एंड ड्रामाह्व की बारीकियां को अभिनय के माध्यम से समझेंगे।इस मौके पर डॉ.आर. एस.चौहान, डॉ. बी.सी. शाह डॉ.सुनीता नौटियाल, डॉ. हितेंद्र कुमार विश्नोई, मुख्य अतिथि अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के कार्यकर्ता सहित बी.एड. विभाग के 51 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का संचालन बीएड प्रथम वर्ष की छात्रा दीक्षा डबराल द्वारा किया गया।




आयोजित कार्यशाला में भाग लेते सदस्य

## मार्शल आर्ट्स राष्ट्रीय प्रतियोगिता में रुद्रप्रयाग के पांच खिलाड़ी जीते मेडल

रुद्रप्रयाग। बुद्धम वर्ल्ड मार्शल आर्ट फेडरेशन द्वारा लखीमपुर खीरी में आयोजित मार्शल आर्ट्स की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में रुद्रप्रयाग के पांच छात्र–छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन कर गोल्ड सहित कई मेडल जीतने में कामयाबी पाई। इस प्रतियोगिता में 6 राज्यों के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया था। प्रतियोगिता संपंन होने के बाद रुद्रप्रयाग लौटे विजेता छात्र–छात्राओं को स्थानीय लोगों द्वारा स्वागत किया गया। बता दें कि लखीमपुर खीरी में बुद्धम वर्ल्डमार्शल आर्ट फेडरेशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय आल इंडिया प्रथम मार्शल आर्ट राष्ट्रीय प्रतियोगिता में रुद्रपुर के एक, विकासनगर के एक खिलाड़ी और रुद्रप्रयाग के पांच प्रतिभावान खिलाड़ियों ने उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। सभी खिलाड़ियों ने इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में 8 मेडल अपने नाम किए। जिनमें अवनीश भारती ने मास्टर ओवर वर्ग के प्रदर्शन में स्वर्ण पदक, जूनियर बालिका वर्ग में प्रथा देवली ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सीनियर बालक वर्ग में विकासनगर के खिलाड़ी पंकज को स्वर्ण एवं रुद्रपुर के मृण्मय मंडल को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। कैडेट वर्ग में दीप्ति ने फाइट में स्वर्ण पदक, कैडेट वर्ग फाइट में वंशिका कप्रवान ने कांस्य पदक एवं जूनियर बालक वर्ग में आदित्य राज ने स्वर्ण पदक, अनमोल सिंह ने रजत पदक प्राप्त कर राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। इसके अलावा कोच अवनीश भारती को ज्यूरी और बेस्ट रेफरी की ट्राफी से सम्मानित किया गया।

## अलकनंदा घाट पर चलाया सफाई अभियान

श्रीनगर गढ़वाल। भागीरथी कला संगम के सदस्यों ने रविवार को अलकनंदा घाट पर सफाई अभियान चलाया गया। संस्था के उपाध्यक्ष रवि पुरी ने कहा की संस्था समय–समय इस तरह के सामाजिक कार्यों को करती रही और आगे भी करती रहेगी। उन्होंने कहा कि हमारी संस्था का काम ही लोगों को सामाजिक कार्यों के प्रति जागरूक करना है। संस्था के सचिव मुकेश नौटियाल ने कहा की अगले रविवार को उनके द्वारा शारदा स्नान घाट पर भी सफाई अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान संस्था के सदस्यों ने संस्था से जुड़े नए सदस्यों का भी स्वागत किया। मौके पर राजेंद्र बर्थवाल, मदन गाडोई, भगतसिंह बिष्ट, मुकेश नौटियाल, धर्मेंद्र, संजय कोठारी, पदमेन्द्र रावत, रवि पूरी, दिनेश उनियाल, दिनेश लिंगवाल मौजूद रहे।

# पशुपालकों को जल्द दिया जाएं मुआवजा

### ब्लाक प्रमुख रुचि कैंत्यूरा ने किया बंगला पुरानकोट का दौरा

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः** ग्राम बंगला पुरानकोट में आकाशीय बिजली गिरने से हुई बकरियों की मौत के बाद ब्लाक प्रमुख रुचि कैंत्यूरा ने अधिकारियों के साथ गांव का दौरा किया। उन्होंने अधिकारियों को पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द मुआवजा देने के निर्देश दिए। रविवार को ब्लाक प्रमुख रुचि कैंत्यूरा पशु चिकित्साधिकारी डा.अशोक रेड्डी, राजस्व उपनिरीक्षक मनोज जोशी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को लेकर बंगला पुरानकोट गांव पहुंची। ब्लाक प्रमुख ने बताया कि शनिवार शाम आकाशीय बिजली गिरने से पशुपालक गफरुद्दीन व अजीज की 13 बकरियों की मौत हो गई थी। घटना के दौरान दोनों पशुपालकों की जान भी बाल-बाल बची। बताया कि दोनों परिवारों की आजीविका का साधन बकरी पालन ही था। परिवारों ने अपनी जमापूंजी लगाकर बकरियां खरीदी थी। ऐसे में अब उनके समक्ष आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने अधिकारियों को विभागीय कार्रवाई करते हुए मुआवजा देने के निर्देश दिए। वहीं, ब्लाक प्रमुख ने ग्रामीण महिलाओं के साथ भी चर्चा की। बताया कि आपदा के दौरान किसी भी तरह की समस्या होने पर तुरंत उन्हें व प्रशासन के अधिकारियों को सूचना दें।



दुगड्डा के ग्राम बंगला पुरानकोट में महिलाओं की समस्या सुनती ब्लाक प्रमुख रुचि कैंत्यूरा

# 39 वर्ष की निष्ठापूर्ण सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए सहायक विकास अधिकारी ज्योतिष चंदोला

### दुगड्डा ब्लॉक के पदाधिकारियों, अधिकारियों और कर्मचारियों समेत क्षेत्रीय जनता ने दी भावभीनी विदाई

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः पंचायत राज विभाग में 39 वर्ष 4 माह और 20 दिन की बेहतर सेवाएं प्रदान करने के बाद शनिवार को वरिष्ठ सहायक विकास अधिकारी ज्योतिष चंद चंदोला सेवानिवृत्त हो गए। दुगड्डा ब्लॉक प्रमुख सहित सभी पदाधिकारियों, अधिकारियों , कर्मचारियों और क्षेत्रीय जनता ने उन्हें भावभीनी बिदाई देते हुए उनके सुखमयी जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। ब्लॉक सभागार में आयोजित विदाई समारोह में ब्लॉक प्रमुख रुचि कैंतुरा ने अपने संबोधन में कहा कि श्री चंदोला में अपने 29 वर्षों के कार्यकाल में पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य किया।

उन्होंने अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों से चंदोला जी से प्रेरणा लेने की अपील की। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी दुगड्डा बीडी रतूड़ी, खंड विकास अधिकारी नारसन जयेंद्र भारद्वाज, जेष्ठ उप प्रमुख अजय पाल सिंह, पूर्व खंड विकास अधिकारी शिवप्रसाद थपलियाल, पूर्व खंड विकास अधिकारी सत्य प्रकाश भारद्वाज, सच्चिदानंद रतूड़ी, डीएन बलोधी, अर्जुन शाह समेत ब्लॉक के सभी कर्मी मौजूद रहे।



सेवानिवृत्ति पर सहायक विकास अधिकारी ज्योतिष चंदोला को सम्मानित करते सदस्य

## बदरीनाथ हाईवे पर शराब की दुकान खोलने का लोगों ने किया विरोध

चमोली। आबकारी विभाग की ओर से कर्णप्रयाग में बदरीनाथ हाईवे पर शराब की दुकान खोलने का लोगों ने विरोध किया है। बीते दिन लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर शराब की दुकान को अन्यत्र शिफ्ट करने की मांग उठाई है। व्यापार संघ के पदाधिकारी राजेश नेगी, अंशी देवी, युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष दीपक रावत, छात्र संघ अध्यक्ष प्रीतम सिंह आदि ने कहा कि वर्तमान समय में चारधाम यात्रा चरम पर है। कर्णप्रयाग में बदरीनाथ हाईवे पर जहां आबकारी विभाग ने शराब की दुकान खोली है वहां से उमा देवी मंदिर, कर्ण मंदिर, शिव मंदिर सहित शिक्षण संस्थान काफी नजदीक हैं। उमा देवी मंदिर गेट से मात्र 60 मीटर दूरी पर शराब की दुकान खोली गई है। नई दुकान खलने के स्थान पर टैक्सी स्टेंड और सड़क पर संकरा मोड़ भी है। जिससे वहां वाहनों का जाम लगता है और दुघर्टना का खतरा बना है।

## यात्रा ड्यूटी में तैनात पुलिस जवानों के स्वास्थ्य के प्रति पुलिस गंभीरः एसपी

रुद्रप्रयाग। पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे के आग्रह पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा रविवार से यात्रा में तैनात सभी पुलिस कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण शुरू कर दिया गया है। एसपी का कहना है कि सोनप्रयाग से लेकर केदारनाथ तक ड्यूटी पर तैनात अधीनस्थ पुलिस बल के स्वास्थ्य के प्रति पुलिस गंभीर है। सभी स्थानों पर तैनात पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य का नियमित परीक्षण कर उन्हें हर संभव सुविधाएं दी जाएगी। पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक द्वारा यात्रा शुरू होते ही मुख्य चिकित्साधिकारी को पत्र देते हुए यात्रा मार्ग में तैनात हर पुलिस कर्मी के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए आग्रह किया था किंतु शुरूआत में ही यात्रा चरम पर होने के कारण यह संभव नहीं हो सका। अधिक श्रद्धालुओं के केदारनाथ आने से उनकी सुरक्षा को देखते हुए पुलिस बल के साथ ही पीएसी, एसडीआरएफ, फायर, अभिसूचना, संचार,होमगाड्र्स, पीआरडी जवान अपने दायित्वों का निर्वहन करने में जुट गए। ऐसे में इन जवानों के स्वास्थ्य की जांच के लिए एसपी द्वारा सीएमओ एचसीएस मातीलिया को पुनः आग्रह किया गया जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा जांच शुरू कर दी गई है।

## एक नजर

### विधायक कैड़ा ने लावारिस पशुओं को गोशाला भिजवाया

हल्द्वानी। विधायक राम सिंह कैड़ा ने रविवार को ओखलकांडा ब्लॉक में लावारिस घूम रहे पशुओं को पकड़वाकर गोशाला भिजवाया। विधायक ने बताया ओखलकांडा ब्लॉक में लावारिस पशु किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे थे। कई बार लोग इन पशुओं की लड़ाई में घायल भी हो चुके हैं। लोग लगातार शिकायत कर रहे थे। इसी के चलते रविवार को खनस्यूं बाजार क्षेत्र से डॉक्टरों की टीम के साथ 35 से 40 पशुओं की पकड़वाकर हल्दूचौड़ के नित्यानंद आश्रम गोशाला भेजा गया। डीएम वंदना सिंह से भी भीमताल क्षेत्र में गोशाला खोलने की बात की गई है। वहीं ग्रामीणों ने विधायक कैड़ा का आभार व्यक्त किया। यहां कमलेश भट्ट, डॉ राजेश रंजन, संजय कुमार, प्रकाश चंद्र, राजू बर्गली, रवि गोस्वामी, गजेंद्र बर्गली सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### नगर निगम ने शहर में पांच जगह लगाए नए प्याऊ

हल्द्वानी। भीषण गर्मी के मौसम में आम जनता की सहूलियत के लिए नगर निगम ने शहर में पांच जगह नए प्याऊ लगाए हैं। इन जगहों पर मिट्टी के प्याऊ लगे हैं। वहीं पुराने प्याऊ को भी सही किया गया है नगर निगम के कैमू स्टेशन, जीबी पंत लाइब्रेरी, टैक्सी स्टैंड और नगर निगम कार्यालय के बाहर वाटर कूलर वाले प्याऊ लगे हैं। वहीं महिला अस्पताल के पास भी प्याऊलगा हुआ है। मगर गर्मी के मौसम में शहर के मुख्य जगहों पर प्याऊ नहीं होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसे देखते हुए नगर निगम ने तिकोनिया, होली ग्राउंड, बाजपुर बस स्टैंड, कुसुमखेड़ा तिराहा, ताज चौराहे पर नए मिट्टी के प्याऊरखवाए हैं। नगर निगम के ईई नवल नौटियाल के अनुसार हर जगह पर दो-दो मिट्टी के बड़े घड़े रखे गए हैं। जिनमें पानी भरने के लिए भी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इससे बाहर से आने वाले लोगों को पानी मिल सकेगा।

### नालियों में बह रहा जरूरी पेयजल

हल्द्वानी। जल संस्थान की लीकेज लाइनों से हीरानगर क्षेत्र में जरूरी पेयजल बह रहा है। स्थानीय लोगों के शिकायत दर्ज करने के बाद भी समाधान नहीं होने से उपभोक्ताओं में आक्रोश बना हुआ है। गर्मी के मौसम में हल्द्वानी में पेयजल का गंभीर संकट बना हुआ है। जरूरत के अनुसार पानी नहीं मिलने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं विभाग की लीकेज लाइनों से जरूरी पेयजल नालियों में बह रहा है। हीरानगर के निवासी राजीव वर्मा, मंजू आर्या, मनीष प्रताप के अनुसार लीकेज की कई बार विभागीय कार्मिकों को जानकारी देने के बाद भी ठीक नहीं किया जा रहा है। बताया कि लीकेज लाइनों में नालियों को गंदा पानी घरों तक पहुंच रहा है। जिससे से बीमारियों का खतरा बना हुआ है। लीकेज को ठीक कर समाधान किए जाने की मांग की गई।

### प्रेक्षक ने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया

चम्पावत। प्रेक्षक एम मालथी ने रविवार को स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतगणना स्थल पर की जा रही तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लिया। रविवार को प्रेक्षक मालथी ने गोरलचौड़ मैदान में मनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने मतगणना स्थल पर की जाने वाली पेयजल, बैरिकेडिंग, सुरक्षा व्यवस्था आदि का जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा बल के साथ ही अधिकारियों व कर्मचारियों को सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने के संबंध में निर्देश दिए।

लोक सभा चुनाव की मतगणना चार जून को गोरलचौड़ मैदान के समीप बने पालिका के हॉल व वन पंचायत भवन में होनी है। इसी को लेकर प्रेक्षक ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। यहां उप जिला निर्वाचन अधिकारी एडीएम हेमंत कुमार वर्मा, एआरओ व एसडीएम आकाश जोशी और रिंकू बिष्ट आदि मौजूद रहे।

### स्वरोजगार करने में सहायक होगा प्रशिक्षण

चम्पावत। पिरूल से सजावटी उत्पाद बनाने के प्रशिक्षण का समापन हुआ। मुख्य अतिथि आरसेटी निदेशक प्रांशु मैठाणी ने कहा कि प्रशिक्षण से स्वरोजगार पाने में सहायता मिलेगी।चम्पावत में रविवार को दस दिनी प्रशिक्षण का समापन किया गया। एसेसमेंट एंड सर्टिफिकेट के ऐसेसर जनार्दन चिलकोटी ने पिरूल से सजावटी सामान बनाने के बारे में बताया। प्रशिक्षणार्थियों को बैंकिंग आदि की जानकारी दी गई। आरसेटी निदेशक ने कहा कि प्रशिक्षण से लेने वालों का दो साल तक मार्गदर्शन किया जाएगा।

# डीएम सोनिका ने लिया मतगणना तैयारियों का जायजा

देहरादून। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिका ने महाराणा प्रताप स्पार्टस कालेज रायपुर का स्थलीय निरीक्षण कर मतगणना तैयारियों का जायजा लिया। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतगणना की समुचित व्यवस्थाए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुरूप संम्पादित की जाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि मतगणना स्थल पर मूलभूत सुविधा पेयजल, विद्युत की निर्बाद व्यवस्था के साथ ही शौचालय, साफ–सफाई आदि समुचित व्यवस्थाएं सुगम बनाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस दौरान सम्पूर्ण परिसर का निरीक्षण करते हुए मगणना तैयारियों की व्यवस्था देखी। इस दौरान जिलाधिकारी ने मीडिया सेन्टर का निरीक्षण करते हुए नोडल मीडिया/सहायक निदेशक सूचना को मीडिया सेन्टर में व्यवस्थाएं बनाने के निर्देश दिए.इस अवसर पर नगर मजिस्टेज्ट



प्रत्युष सिंह, अधि0अभि0 लोनिवि जितेन्द्र कुमार त्रिपाठी, सहायक निदेशक सूचना बी.सी नेगी, अधि0अभि0 विद्युत गौरव सकलानी, अधि0अभि लोनिवि कपिल कुमार, सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

### एसजीआरआर विश्वविद्यालय में 100 होनहार सम्मानित

देहरादून। श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय (एसजीआरआरयू) में रविवार को टॉपर्स कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। इस दौरान 12वीं परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 100 से अधिक होनहार छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया। श्री गुरु राम राय एजुकेशन मिशन के चेयरमेन श्रीमहंत देवेंद्र दास महाराज ने छात्र–छात्राओं को शुभकामनाएं दी। एसजीआरआरयू पटेलनगर कैंपस के एसबीएएस प्रेक्षगृह में संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा डा. एएस उनियाल, सीनियर टीम लीड नोवाटिस फार्मास्युटिकल रोहित अग्रवाल, एसजीआरआर विश्वविद्यालय के समन्वयक डा. आरपी सिंह, मिशन के अधिकृत हस्ताक्षरी प्रबंधक विजय नौटियाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में एसजीआरआर एजुकेशन मिशन के स्कूलों की विभिन्न शाखाओं, केंद्रीय विद्यालय और अन्य स्कूलों से टॉपर अपने अभिभावकों के साथ पहुंचे। कॉन्क्लेव में छात्र–छात्राओं ने सम्मान के लिए विश्वविद्यालय प्रबंधन का आभार जताया। छात्रा अंशिका कंडारी ने कहा कि इस प्रकार के सम्मान से छात्रों का हौसला कई गुना बढ़ जाता है।

## केदारनाथ में एसयूवी थार के पहुंचते ही सोशल मीडिया पर लोगों ने निकाली भड़ास

देहरादून। चिनूक हेलीकॉप्टर की मदद से शनिवार को दूसरी एसयूवी कार को केदारनाथ पहुंचाया गया। केदारनाथ धाम में एसअूवी के पहुंचते ही लोगों ने विरोध शुरू कर दिया। इस मुद्दे पर लोग सोशल मीडिया पर तीखी टिप्पणी भी कर रहे हैं। तो दूसरी ओर, लोग सरकार पर तंज करने से भी पीछे नहीं हट रहे हैं। हालांकि, आपको बता दें कि दोनों एसयूवी मेडिकल इमरजेंसी और वीवीआईपी निरीक्षण के लिए मौजूद रहेंगी।

बता दें कि इससे पहले केदारनाथ धाम में पुनर्निर्माण में जुटे नेहरू पर्वातारोहण संस्थान ने ऑल टेरेन वाहन को पहुंचाया था। कई वीवीआईपी ने इसी वाहन से केदारपुरी का निरीक्षण किया। अब दो एसयूवी कारों का मंदिर परिसर से हेलीपैड तक संचालन होगा। लोनिवि डीडीएमए के अधिशासी अभियंता विनय झिंक्वाण ने बताया कि दोनों वाहनों को स्टोर में रखा गया है।

**धाम में निर्माण कार्यों के लिए 11 वाहन**

केदारनाथ में निर्माण कार्यों के लिए विभिन्न एजेंसियों के पास करीब 11 वाहन हैं। इनमें चार पोकलैंड, दो डंपर, दो स्नो कटर, एक ट्रेक्टर और दो जेसीबी शामिल हैं।

सोशल मीडिया पर भी शुरू हुआ विरोध, तीखी टिप्पणी कर रहे लोग

पर्यावरण के लिहाज बेहद संवेदनशील केदारनाथ मंदिर क्षेत्र में डीजल चालित एसयूवी का विरोध बढ़ रहा है। सोशल मीडिया पर एसयूवी के मुद्दे पर यूजर बीकेटीसी और सरकार के इस फैसले पर तीखे सवाल उठा रहे हैं। जहां एसयूवी के विरोध में लोगों की संख्या बढ़ रही है, वहीं समर्थन में कोई नजर नहीं आ रहा।

## उप शिक्षाधिकारी पद पर प्राथमिक संवर्ग के शिक्षकों की हो पदोन्नति

विकासनगर। राजकीय शिक्षक संघ के बाद अब प्राथमिक और जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने भी विरोध के स्वर बुलंद कर दिए है। रविवार को शिक्षकों की ऑनलाइन बैठक में उप शिक्षाधिकारी का प्रभार जूनियर हाईस्कूल के वरिष्ठ प्रधानाध्यापक को दिए जाने की मांग की गई। बैठक में जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष अनंत सोलंकी ने कहा कि संयुक्त उत्तर प्रदेश के समय की व्यवस्था के तहत प्रत्येक ब्लॉक में एसडीआई की तैनाती होती थी, जबकि जिले में बीएसए व्यवस्थाओं को देखते थे। कहा कि एसडीआई के पद पदोन्नति से भरे जाने की व्यवस्था थी। वर्तमान में ब्लॉक में उप शिक्षाधिकारी की तैनाती की गई है। लिहाजा जिस ब्लॉक में उप शिक्षाधिकारी का पद रिक्त है, वहां ब्लॉक के जूनियर हाईस्कूल में तैनात वरिष्ठ प्रधानाध्यापक को प्रभार दिया जाना चाहिए। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण वर्मा, ब्लॉक मंत्री कमल सुयाल ने कहा कि प्राथमिक संवर्ग के शिक्षकों के लिए पदोन्नति के अवसर कम मिलते हैं। कई शिक्षक एक ही पद पर सेवा देते हुए सेवानिवृत्त हो जाते हैं। ऐसे में उप शिक्षाधिकारी के पद को पदोन्नति का पद बनाकर प्रधानाध्यापक को पदोन्नति का अवसर दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि एलटी में भर्ती शिक्षकों को पदोन्नति के तीन से चार अवसर मिलते हैं। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश नौटियाल ने कहा कि उप शिक्षाधिकारी पद पर तैनात अधिकारियों की भर्ती उप प्रधानाचार्य के पद पर हुई थी, जिसे बाद में नियम विरुद्ध उप शिक्षाधिकारी के पद में तब्दील कर दिया गया। उन्होंने कहा कि अब इस पद को पदोन्नति का पद बनाया जाना चाहिए, जिससे जूनियर हाईस्कूल के प्रधानाध्यापकों को भी पदोन्नति का अवसर मिल सके।

### गौ, गंगा और गायत्री रक्षा के लिए गंगा आरती की

ऋषिकेश। श्री परशुराम महासभा की ओर से रविवार को ऋषिकेश स्थित त्रिवेणीघाट पर 16 दिवसीय गंगा आरती संपन्न की। गंगा आरती के जरिए महासभा के सदस्यों ने गो, गंगा, गायत्री की रक्षा के साथ ही चारधाम यात्रा निर्विघ्न संपन्न होने की प्रार्थना की।

महासभा के अध्यक्ष संदीप शास्त्री ने कहा कि यह संस्था द्वारा बीते 16 दिनों से त्रिवेणी घाट पर गंगा आरती करवाई जा रही थी, जिसका मुख्य उद्देश्य गौ, गंगा, गायत्री रक्षार्थ, देश में दैवीय आपदा तथा महामारी की पुनरावृत्ति ना हो, चारधाम यात्रा निर्विघ्न रूप से संपन्न हो और सभी देशवासी सुखी रहें। गंगा आरती में पहुंची राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा कुसुम कंडवाल ने कहा कि देशवासियों की खुशहाली के लिए यह गंगा आरती की गई, जो सराहनीय है। भविष्य में भी इस तरह के धार्मिक आयोजन होते रहने चाहिए।

# परमार्थ निकेतन पहुंचे केरल के राज्यपाल

ऋषिकेश। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान रविवार को परमार्थ निकेतन पहुंचे। वह सोमवार को परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती के 73वें जन्मदिन पर होने वाले कार्यक्रम के लिए यहां पहुंचे हैं। उन्होंने गंगा आरती में भी शिरकत की। परमार्थ आश्रम में पहुंचने पर गुरुकुल के ऋषिकुमारों और आचार्यों ने शंख ध्वनि, पुष्प वर्षा और वेद मंत्रों से राज्यपाल का अभिनन्दन किया।


इसके बाद राज्यपाल ने परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती से भेंट वार्ता की। राज्यपाल ने कहा कि भारत ज्ञान, प्रज्ञा और शान्ति की भूमि है। वास्तव में भारत सदियों से पूरे विश्व को शान्ति का संदेश दे रहा है। स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि भारत का चरित्र अद्भुत है, जहां पर कभी भी किसी को भी कोई शिकायत नहीं



होती। हमारे शास्त्र भी हमें यही शिक्षा देते हैं कि परिस्थितियों का सामना कैसे करना है, कोई भी स्थिति सदैव एक जैसी नहीं रहती, इसलिये उस से कैसे उबरना है। यही भारत की दृष्टि है। रामायण हमें परिवार, घर और परिवारजनों को किसी भी परिस्थितियों से कैसे बाहर निकाले व सम्भाले इसका संदेश देती है। देश कहीं अटक, भटक और लटक न जाये, इसलिये हमें कथाओं का श्रवण करना चाहिए। इस दौरान सायं काल में केरल के राज्यपाल ने गंगा आरती में शिरकत की।

# त्यूणी तहसील के गांवों में 27 घंटे गुल रही बिजली

विकासनगर। तहसील क्षेत्र में शनिवार शाम को आंधी से बिजली की आपूर्ति ठप हो गई। रविवार सुबह से ही यूपीसीएल कर्मी लाइन को ठीक करने में लगे रहे, लेकिन देर शाम तक आपूर्ति बहाल नहीं हो पाई। उधर, विकासनगर में दोपहर एक बजे से ढाई बजे तक बिजली की आपूर्ति ठप रही। शनिवार शाम को अचानक आंधी से अणू के पास बिजली की लाइन पर पेड़ गिर गया। इससे अटाल, सैंज, तराणू, हाली, भाटगढ़ी में शाम चार बजे से बिजली आपूर्ति ठप हो गई। रविवार को पूरे दिन भी आपूर्ति बहाल नहीं सकी। इसके चलते गर्मी ने लोगों को परेशान किए रखा। घरों में लगे इनवर्टर भी जवाब दे गए। भाटगढ़ी की प्रधान सुभद्रा शर्मा ने बताया कि जिन घरों में इनवर्टर लगे हुए थे, उनमें भी दोपहर से पंखे चलने बंद हो गए। ग्रामीणों के बिजली से चलने वाले उपकरण भी ठप पड़े रहे। अणू के प्रधान राजाराम शर्मा ने बताया कि रविवार सुबह



से शाम तक पानी की आपूर्ति भी ठप रही। लोगों को पीने के पानी की व्यवस्था करने के लिए करीब चार किमी दूर प्राकृतिक स्रोत पर जाना पड़ा। उधर, यूपीसीएल के उप खंड अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि सभी कर्मचारी सुबह से लाइन ठीक करने में लगे हुए हैं। शाम सात बजे तक आपूर्ति बहाल हो जाएगी।

विकासनगर में डेढ़ घंटे ठप रही आपूर्ति : पछुवादून में बिजली की अघोषित कटौती का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को भी पीक ऑवर में डेढ़ घंटे की कटौती की गई। विकासनगर मुख्य बाजार समेत सभी आवासीय कॉलोनियों में दोपहर एक बजे बिजली गुल हो गई, जो ढाई बजे बहाल हुई। इस बीच 42 डिग्री तापमान में लोग घरों के अंदर भी परेशान रहे। वहीं, दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में तीन से चार घंटे की कटौती की जा रही है। रविवार को डूंगाखेत, मल्लावाला, पष्टा, मटोगी, हथियारी समेत डूंगा, कोटी, ढ़लानी, द्वारथा में सुबह 11 बजे गुल हुई बिजली दोपहर बाद तीन बजे बहाल हुई।

### ऋषिकेश–कर्णप्रयाग के बीच दिसंबर 2026 में होगी रेल सेवा शुरू

ऋषिकेश।उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक सोभन चौधरी ने कहा है कि ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेललाइन पर दिसंबर 2026 में रेल सेवा शुरू हो जाएगी। शनिवार को मसूरी स्थित ओकग्रोव स्कूल के स्थापना दिवस समारोह में पहुंचे चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अभी सड़क मार्ग से यह दूरी करीब 180 किमी है और इसे तय करने में चार घंटे लगते हैं, जबकि रेललाइन से 125 किमी की दूरी होगी और इससे सफर में दो घंटे लगेंगे।

उन्होंने कहा कि हिमालयी क्षेत्र होने पर काम करना कठिन होता है, यहां गुणवत्ता के साथ तेजी से काम हो रहा है। बाकी प्रोजेक्ट में टीवीएम मशीन से काम किया जाता है, जो अटक जा रही हैं, लेकिन रेलवे नई तकनीक से काम कर रही है, जिससे यह काम सफलतापूर्वक हो रहा है।

# वीकेंड पर पर्यटकों से गुलजार रहा चकराता बाजार

विकासनगर। मैदानों में पड़ रही उमस भरी गर्मी से राहत पाने के लिए वीकेंड पर लोगों ने पहाड़ों का रुख किया। इससे चकराता बाजार और क्षेत्र के पर्यटन स्थल सैलानियों से गुलजार नजर आए। कारोबार में तेजी से पर्यटन कारोबारी भी उत्साहित हैं। स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद पर्यटकों की आमद में काफी बढ़ोत्तरी हुई है। वैसे तो पूरा सप्ताह पर्यटकों का आवागमन बना रहता है, लेकिन वीकेंड पर इनकी तादाद काफी ज्यादा बढ़ जाती है। शनिवार सुबह से ही बड़ी संख्या में पर्यटक चकराता में नजर आने लगे थे। शाम होते–होते छावनी बाजार समेत आसपास स्थित अधिकांश होटल रिजॉर्ट और होम स्टे पर्यटकों से पैक हो गए थे। बड़ी संख्या में पर्यटकों के चकराता आने से व्यवसायियों के चेहरों पर भी रौनक नजर आई। पर्यटकों के आने से होटल, रेस्टोरेंट के कारोबार में तो फायदा हुआ ही साथ ही टैक्सी चलाने व ट्रेकिंग गाइड



का काम कर रहे युवाओं को भी रोजगार मिल रहा है। यहां पहुंचे पर्यटकों ने चकराता के आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित होम स्टे में लोकल व्यंजन ओलुवे, असके, पिनुवे, मंडवे की रोटी, कंडाली की सब्जी, सत्तू, खेंडाड़ी, लाल भात आदि का लुत्फ उठाया। साथ ही बाजारों में लोकल बुरांस स्क्वेश, भट्ट की दाल, राजमा, अखरोट, आदि की खरीदारी भी की। कई पर्यटक हाथ से बने गर्म कपड़े भी खरीदते नजर आए। रविवार सुबह से ही पर्यटकों ने मोयला टॉप, टाइगर फाल, कोटी कनासर, लोखंडी, देवबन आदि का रुख कर यहां के सुंदर नजारों का दीदार किया। चकराता स्थित प्राचीन चिंताहरण महादेव मंदिर में भी पर्यटकों ने दर्शन किये। कुछ पर्यटक इंद्रोली गांव में काली माता के दर्शन करने भी पहुंचे।

## व्यापारियों ने भवाली–रातीघाट बाईपास बनाने की उठाई मांग


हल्द्वानी। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की रविवार की सुबह हुई वर्चुअल बैठक में व्यापारियों ने भवाली–रातीघाट बाईपास मार्ग का निर्माण मांग उठाई। वहीं कमिश्नर के आश्वासन के बाद 16 जून से होने वाले प्रस्तावित आंदोलन स्थगित कर दिया गया। वीकेंड पर रानीबाग से कैंची धाम तक लगने वाले जाम के विरोध में कुमाऊं मंडल के व्यापारियों की वर्चुअल बैठक हुई। अल्मोड़ा जिले के जिला अध्यक्ष सुनील शाह ने कहा कि भवाली–रातीघाट बाईपास बनने से जाम से निजात मिलेगी। वहीं रानीखेत के जिला महामंत्री राज पांडे ने जाम से निजात दिलाने के लिए बाईपास निर्माण पर सहमति जताई। वहीं कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद गोयल एवं कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्र के व्यापारियों को जाम से सबसे अधिक नुकसान हो रहा है। इस समस्या को न्यायालय तक ले जाना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने बताया कि इस संबंध में मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया है। साथ ही कमिश्नर दीपक रावत के साथ बैठक की गई।

### प्रधानमंत्री मोदी के हाथों में देश को सुरक्षित मान रहा युवा वर्गः रोहित

हल्द्वानी। युवा चेतना के राष्ट्रीय संयोजक रोहित कुमार सिंह ने रविवार को कहा कि देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़ी है। युवा वर्ग भी प्रधानमंत्री मोदी के हाथों में देश को सुरक्षित मान रहा है। जबकि कांग्रेस ने पांच दशक से अधिक समय तक जनता को ठगने का काम किया। उन्होंने कहा युवा चेतना गरीबों व वंचितों के उत्थान के लिए संघर्ष कर रहा है। रोहित कुमार ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि वह किसी राजनीतिक दल से जुड़े नहीं हैं, लेकिन देश वैभव की वृद्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थक हैं। उन्होंने कहा कि लगभग 55 सालों तक देश पर राज कर जनता को मूर्ख बनाने वाली कांग्रेस के झांसे में अब लोग नहीं फंसने वाले।

# काली माता के दर्शनों को उमड़े श्रद्धालु

विकासनगर। जेठ माह के तीसरे रविवार को इंद्रोली और जाड़ी स्थित जौनसार बावर की इष्ट देवी मां काली के मंदिरों में दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। चकराता क्षेत्र के इंद्रोली और जाड़ी गांव में मां काली के पौराणिक मंदिर हैं। जेठ माह में आने वाले हर रविवार को मंदिर में मां काली की पूजा करना अत्यंत शुभ माना गया है। इन मंदिरों के प्रति लोगों की आपार आस्था जुड़ी हुई है। मंदिर में दर्शन करने के लिए शनिवार रात से ही भक्तों ने इंद्रोली गांव में आना शुरू कर दिया था। सुबह तक हजारों की संख्या में लोग मंदिर में



दर्शन करने पहुंचे। माता के भक्तों ने कतारों में लग कर मत्था टेक सुख समृद्धि की मन्नते मांगी। इस मौके पर इंद्रोली गांव की बेटियों (ध्यांटुडियां) और बहुओं ने मंदिर में भंडारा आयोजित किया। इसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। बालिकाओं ने मंदिर परिसर में हारुल नृत्य भी किया। दूसरी ओर जाड़ी स्थित मंदिर में भी भक्तों की भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं ने मंदिर में पारंपरिक प्रसाद के तौर पर गुड़, आटा और चांदी के छत्र चढ़ाकर खुशहाली की कामना की। इस दौरान मंदिर के पुजारी प्रेम जोशी, बजीर टीकम सिंह, भंडारी खजान सिंह, ठाणी केशर सिंह, सतपाल सिंह, देव माली कुंवर सिंह, अर्जुन सिंह, अरविंद सिंह, चमन सिंह आदि मौजूद रहे।

# बाशिक महासू महाराज के कैमाड़ा पहुंचने पर जखोली मेला हुआ शुरू

विकासनगर। बाशिक महासू महाराज के रविवार को कैमाड़ा जंगल पहुंचने के साथ ही दो दिवसीय जखोली मेले की शुरुआत हो गई। देवता के पहुंचते ही सैकड़ों लोग देव दर्शन को कैमाड़ा में डटे रहे। लोगों ने ढोल–दमौ की थाप पर हारूल नृत्य कर बाशिक महासू महाराज की आराधना की। देर शाम तक लोक गीतों के साथ परंपरागत तांदी–नृत्य की धूम रही। लोगों ने देवता के दर्शन कर परिवार की खुशहाली की मनौती मांगी। जखोली मेले के लिए रविवार सुबह बस्तील गांव से गाजे–बाजे के साथ चली देव पालकी दोपहर बाद कैमाड़ा जंगल पहुंची। यहां जखोली मेला मनाने आए विभिन्न गांवों के सैकड़ों लोगों ने बाशिक महासू के जयकारे लगाए। देव पालकी के आगमन से परंपरागत जखोली मेले की शुरुआत हो गई। जखोली मेले के पहले दिन देव दर्शन को बड़ी संख्या में जुटे लोगों ने बाशिक महासू के दर्शन कर मन्नत मांगी। इस दौरान कई लोगों ने देवता से मांगी गई मन्नत पूरी होने



पर अपने बच्चों के बाल भी कटवाए। जश्न मनाने के लिए बावर, शिलगांव, देवघार, फनार, बंगाण समेत आसपास के क्षेत्र के लोग गाजे–बाजे के साथ मेला स्थल पहुंचे। परंपरागत पहनावे में पहुंची महिलाओं ने देव पालकी के कैमाड़ा पहुंचने पर ढोल–दमौ की थाप पर हारूल और लोक गीतों के साथ तांदी–नृत्य की प्रस्तुति से बाशिक महासू की आराधना की। देर शाम तक नाच–गाने का दौर चला। कई नौकरी पेशा और अन्य लोग अपने छोटे बच्चों और परिवार के साथ देव दर्शन के लिए कैमाड़ा जंगल पहुंचे। शनिवार को हुई बारिश से लोगों को गर्मी से कुछ हद तक राहत मिली। इस दौरान बजीर शाठीबिल दीवान सिंह राणा, पुजारी अभिदत्त, जयपाल सिंह पंवार, आदित्य पंवार, बलवीर सिंह पंवार, विक्रम सिंह पंवार, रिंकू, विरेंद्र सिंह, किशन सिंह राणा, हरपाल राणा, रमेश डोभाल, कृपाराम, अनूप राणा, धीरज सिंह आदि मौजूद रहे।

## प्रॉपर्टी डीलर के भाई को दोस्त बनाकर महिला ने तीन लाख मांगे

रुड़की। प्रॉपर्टी डीलर के भाई को दोस्त बनाकर एक महिला ने हजारों रुपये ऐंठ लिए। आरोप है कि फिर मिलजुल कर दोस्ती बढ़ाकर तीन लाख रुपये की डिमांड की। विरोध करने पर अपने साथियों के साथ मिलकर महिला मित्र ने झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। पुलिस ने महिला सेमत चार लोगों के खिलाफ वसूली करने के आरोप में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। उप निरीक्षक मनदीप सिंह को मामले की जांच सौंपी गई है। गंगनहर कोतवाली को मीरपुर देवबंद जिला सहारनपुर निवासी व्यक्ति ने बताया कि भाई का मालवीय चौक के पास प्रॉपर्टी डीलिंग का ऑफिस है। 7 मई को भाई के ऑफिस पर बैठा था। तभी सुबह करीब 9:30 बजे के आसपास व्हाट्सएप पर हिना खान महिला का कॉल आया। जिसने अपनी मजबूरी बताकर कुछ पैसे ब्याज पर दिलाने की बात कही। फिर दोपहर 2 बजे के आसपास हिना ऑफिस पर आई और अपना आधार कार्ड देकर मजबूरी बताकर पांच हजार रुपये ले लिए। जिसके बाद वह अपने एक दोस्त के साथ हिना खान से मिलने बहादराबाद के रेस्टोरेंट में भी गया। जहां मुलाकात के बाद हिना को बस स्टैंड पर छोड़कर चले गए थे। आरोप है कि 12 मई को सुबह के वक्त हिना के एक परिचित टीटू का फोन आया था। जिन्होंने तीन लाख रुपये की डिमांड की। धमकाकर कहा था कि यदि पैसे नहीं दिए तो और झूठे केस में मुकदमा दर्ज करा देंगे। आरोप है कि हिना खान ने अपने साथियों के साथ मिलकर समझौता करने की भी बात कही थी। आरोप है कि हिना ने अपने साथियों के साथ मिलकर षड्यंत्र रचकर वसूली का प्रयास किया है। इंस्पेक्टर गोविंद कुमार ने बताया कि हिना खान उर्फ हिना कुद्दूसी पुत्री मुहुउद्दीन निवासी 108 इलाही बॉक्स नगर पालिका परिषद गंगोह नकुड जिला सहारनपुर, टीटू पुत्र करणपाल, देवेंद्र पुत्र प्रकाशा निवासी मीरपुर देवबंद जिला सहारनपुर और अरशद मंसूरी पुत्र सुलेमान निवासी रामलीला टीला कोतवाली नगर जिला मुजफ्फरनगर के खिलाफ षड्यंत्र रचने और वसूली करने के आरोप में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

जयन्त
संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड़, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338